दैनिक सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 92/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 2 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

## महुआ एथिक्स कमेटी के दफ्तर पहुंची, कैश फॉर क्वेरी केस में पूछताछ जारी



**नई दिल्ली।** पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से लोकसभा एथिक्स कमेटी पूछताछ कर रही है। महुआ के मामले में गृह, आईटी और विदेश मंत्रालय ने एथिक्स कमेटी को रिपोर्ट सौंपी हैं, उनके आधार पर महुआ से सवाल-जवाब किए जा रहे हैं।



फेड के नरम रुख के बाद क्रिप्टो बाजार में भी हरियाली, बिटकॉइन 17 महीने के उच्चतम स्तर पर




### सांध्यप्रकाश विशेष

## त्योहारी सीजन में सरकार की छप्परफाड़ कमाई, अक्टूबर में हुआ 1.72 लाख करोड़ हुआ जीएसटी कलेक्शन




अक्टूबर महीने में त्योहारी सीजन के दम पर शानदार जीएसटी कलेक्शन देखने को मिला है। अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये रही है। एक जुलाई 2017 को जीएसटी के लागू होने के बाद से अक्टूबर 2023 में जीएसटी कलेक्शन का दूसरा सबसे उच्च स्तर है। इस वर्ष अक्टूबर में 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो पिछले वर्ष अक्टूबर में संग्रहित जीएसटी 151718 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी कर व्यवस्था के लागू होने के बाद अक्टूबर में संग्रहित कर राजस्व अब का दूसरा सबसे अधिक कर है।

इससे पहले अप्रैल 2023 में इस मद में 187035 करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रहित हुआ था। वित्त मंत्रालय ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 172003 करोड़ रुपये रहा है।

इसमें सीजीएसटी 30062 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 38171 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 91315 करोड़ रुपये जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित कर 42127 करोड़ रुपये भी शामिल है। क्षतिपूर्ति अधिभार के रूप में 12456 करोड़ रुपये संग्रहित हुये हैं जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1294 करोड़ रुपये भी शामिल है। सरकार ने नियमित निपटान के तहत आईजीएसटी में से सीजीएसटी में 42873 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 36614 करोड़ रुपये दिये है। इस तरह से अगस्त में सीजीएसटी 72934 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 74785 करोड़ रुपये रहा है।




# राम मंदिरः 62 करोड़ भक्तों तक पहुंचेगा भगवान राम का प्रसाद

**अयोध्या।** 22 जनवरी को भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन के पहले उनका प्रसाद उन 62 करोड़ रामभक्तों तक पहुंचाने की तैयारी है जिन्होंने राम मंदिर के लिए किसी न किसी प्रकार से अपना सहयोग दिया था। इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के 45 सांगठनिक प्रान्तों के विशेष पदाधिकारी चार नवंबर तक अयोध्या पहुंच जाएंगे। पांच नवंबर को वे अयोध्या से भगवान राम के प्रसाद के रूप में एक अक्षत कलश लेकर अपने प्रान्तों को रवाना होंगे। इस अक्षत प्रसाद को प्रांत से विभाग, विभाग से प्रखंड और अंततः राम भक्तों के घरों तक पहुंचाया जाएगा। इसके माध्यम से देश के पांच लाख गांवों तक पहुं चकर सबको राम मंदिर के उद्घाटन के दिन पूजा-पाठ के जरिए उद्घाटन कार्यक्रम से जोड़ना है।



अक्षत कलश कार्यक्रम में शामिल विहिप कार्यकर्ताओं के पास उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भी होंगे। इसे क्षेत्र के गणमान्य लोगों को देकर उद्घाटन कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। चूंकि, उद्घाटन के दिन अयोध्या में भारी संख्या में लोगों के पहुँचने का अनुमान है, राम मंदिर ट्रस्ट और विहिप ने लोगों से अपील की है कि वे अयोध्या पहुंचने की बजाय अपने स्थानीय मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में ही सहभागिता करें।

विहिप के राष्टीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने अमर उजाला को बताया कि राम मंदिर के निर्माण के समय लोगों से अंशदान लेने के लिए 44 दिन का एक कार्यक्रम चलाया गया था। विहिप इस कार्यक्रम में देश के 13 लाख गाँवों के 62 करोड़ लोगों तक पहुंचने में सफल रहा था। इसके अलावा राम मंदिर के लिए चले आन्दोलन से लेकर इतिहास के अलग-अलग कालखंड में अन्य अनेक लाखों लोगों ने मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका निभाई थी। उनका प्रयास है कि राम मंदिर उदघाटन में इन सबकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।



मतदान के लिए जागरूकता अभियान... अभियान में आज शामिल हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत, पूर्व आईपीएस अरुण गुर्टू व अन्य।

## भारतीय नौसेना द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल का किया गया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इस सफल परीक्षण के माध्यम से नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाल की शक्ति को और भी मजबूत किया है। बुधवार को भारतीय नौसेना ने जानकारी दी की फायर की गई मिसाइल ने सभी परिक्षण को पूरा कर लिया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को बंगाल की खाड़ी में सफल परीक्षण किया। मिसाइल परीक्षण भी कामयाब रहा और फायर की गई मिसाइल ने सभी परीक्षण को पूरा किया है। ब्रह्मोस मिसाइल का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नामों से जुड़ा है। यह मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का हिस्सा है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है, जिससे यह विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल के रूप में मानी जाती है।



**वायुसेना का योगदान–** इसके पूर्व में, भारतीय वायुसेना ने भी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का एयर लॉन्च वर्जन का सफल परीक्षण किया था। यह परीक्षण अक्टूबर में किया गया था और इसे स्वदेशी हथियार प्रणालियों के इलाके में बड़ी सफलता मानी गई है।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो महिलाओं को हर माह होगा 4000 का फायदाः राहुल गांधी

**हैदराबाद।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो महिलाओं को चार हजार रुपये तक का फायदा होगा।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि तेलंगाना में दो नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो महिलाओं को चार हजार रुपये तक का फायदा होगा।



दरअसल, राहुल गांधी कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा (लक्ष्मी) बैराज के पास अंबातीपल्ली गांव में एक महिला सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा कथित तौर पर लूटे गए सभी धन को लौटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की लूट से तेलंगाना की महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री द्वारा लूटी गई राशि आपके बैंक खातों में जमा करने का फैसला किया है।'

### इन योजनाओं से होगा लाभ

कांग्रेस नेता ने कहा कि सामाजिक पेंशन, एलपीजी सिलेंडर पर बचत और सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के जरिए महिलाओं को 4000 रुपये तक का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में हर महीने महिलाओं के बैंक खातों में सामाजिक पेंशन के रूप में 2,500 रुपये जमा किए जाएंगे। इसके अलावा, कांग्रेस सत्ता में आने पर एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति करेगी, जिसकी कीमत अभी एक हजार रुपये है, जो बाद में पांच सौ रुपये में मिलेगा। इतना ही नहीं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के माध्यम से एक हजार रुपये की आपूर्ति की जाएगी। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'इन सभी योजनाओं से महिलाओं को हर महीने चार हजार रुपये का फायदा होगा। इसे पराजला सरकार यानी लोगों की सरकार कहा जाता है।'

## सनातन पर गठबंधन के साथी के अपमान पर खुलकर विरोध क्यों नहीं करते कमलनाथः रविशंकर प्रसाद

सांध्यप्रकाश संवाददाता

**छिंदवाड़ा।** भाजपा ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से अग्रणी राज्य बनाया है,कृषि,पूंजी निवेश और आईटी के क्षेत्र में हम अग्रणी है। प्रदेश में स्थाई और विकास की सरकार के लिए चुनाव लड़ रहे है,और भाजपा अपने काम पर जनता से आशीर्वाद मांग रही है। राष्ट्रय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं कमलनाथ को हिंदू भाव से प्रेम करते देखता हूं वे भक्ति का आयोजन भी करते हैं। लेकिन जब सनातन को लेकर उनके गठबंधन के मित्र अपमान करते हैं तो कमलनाथ चुप रहते हैं उनका खुलकर विरोध नहीं करते यह दिखावटीपन खत्म होना चाहिए ,राजनीती चश्मे से धर्म को देखना उचित नहीं है। प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर विधायक दल की बैठक में निर्णय होगा। रविशंका प्रसाद ने कहा कि हम छत्तीसगढ़, राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश भी जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी को मध्य प्रदेश से बहुत लगाव है वे 38 बार मध्य प्रदेश में आए जबकि मनमोहन सिंह छह बार ही प्रदेश में दौरा कर पाए हैं ।उन्होंने कमलनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में उम्मीदवारों पोस्टर में राहुल गांधी का फोटो है।



## जो दुखी थे, उन्हें मना लिया है, सभी देंगे कांग्रेस का साथः कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन है। भाजपा और कांग्रेस के कई नेता टिकट न मिलने पर निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल करते हुए पार्टी प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भरोसा जताया कि नाराज लोगों को मना लिया गया है और वे इस चुनाव में पार्टी का साथ देंगे। गुरुवार सुबह मीडियाकर्मियों द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर कमल नाथ ने कहा कि जो लोग दुखी थे, उनसे हमने चर्चा की है और हमें पूरा विश्वास है कि वे कांग्रेस का साथ देंगे। कई सारे अपना नामांकन वापस लेंगे।



कमल नाथ ने गुरुवार सुबह अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस द्वारा वचन पत्र में किए गए कुछ वादों को दोहराया। कमल नाथ ने कहा कि गोधन खुशहाली से मध्यप्रदेश के विकास के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कमल नाथ ने एक और वचन दोहराते हुए कहा कि पूज्य मां नर्मदा में मेरी गहरी आस्था और विश्वास है। मां नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन के लिए मैं वचनबद्ध हूं।

# 81.5 crore Indians' personal data leaked, claims hacker

Nandini Yadav

**New Delhi:** In what could possibly be the largest data breach in India□s history, sensitive personal data of 81.5 crore Indians has leaked and surfaced on the dark web. The data has been leaked from the database of the Indian Council of Medical Research (ICMR). However, the epicentre of the leak is still unknown.

Sensitive information belonging to 81.5 crore Indians has emerged on the dark web, potentially marking the biggest data breach in India's history. The leak has been brought to attention by □pwn0001□ □□ a hacker □□ who advertised the stolen information on the dark web. The information is believed to have come from the data collected by the Indian Council of Medical Research (ICMR) during COVID-19 testing. However, the epicentre of the leak is still unknown. As per the data shared by the hacker, the stolen information comprises Aadhaar and passport details, along with names, phone numbers and temporary and permanent addresses of millions of Indians. The hacker also claims that this data comes from the information ICMR collected during COVID-19 testing.

The initial discovery of the data breach was made by Resecurity, an American agency specialising in cybersecurity and intelligence. On October 9, 'pwn0001' disclosed details about the breach on Breach Forums, advertising the availability of 815 million records, including "Indian Citizen Aadhaar & Passport" data. For context, India's total population is a little over 1.486 billion people.



The Resecurity researchers have discovered that among the leaked data, there were 100,000 files with personal details of Indian citizens. To check their accuracy, some of these records were confirmed using a government portal's "Verify Aadhaar" feature, which authenticated the Aadhaar information.

A spreadsheet of sample leaks from Aadhaar data leaked by the hacker. (Source: Breach Forum/Resecurity)

The Computer Emergency Response Team of India (CERT-In) has also alerted ICMR about the breach, according to a report by News18. The COVID-19 test information is scattered across various government bodies like the National Informatics Centre (NIC), ICMR, and the Ministry of Health, making it challenging to identify where the breach originated.

At the time of writing the story, there was no response to the leak from the Ministry of Information and Technology or other concerned agencies online.

This isn□t the first time that a large medical institute in India has faced a breach. Earlier this year, cybercriminals hacked into AIIMS□ servers and took charge of more than 1TB of data at the institute, asking for a hefty ransom. This forced the hospital to switch to manual record keeping for 15 days, slowing down all the processes in an already-overcrowded institute. A few months before that in December 2022, AIIMS Delhi□s data was hacked by the Chinese, and had demanded Rs 200 crore in cryptocurrency.

## आज ईडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शराब नीति केस में पूछताछ के लिए आज जांच एजेंसी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। इसके बदले केजरीवाल ने ईडी को एक लेटर भेजकर समन को वापस लेने को कहा। साथ ही केजरीवाल ने जांच एजेंसी से सवाल किया कि, आपने समन में मुझे यह नहीं बताया कि मैं संदिग्ध हूं या गवाह।



# क्राईस्ट ममोरियल स्कूल में छात्राओं के लिए हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**संत हिरदाराम नगर।** क्राईस्ट मेमोरियल हा. से. स्कूल बैरागढ़ में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कौसर ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन षैली के बारे में बताया। बालिकाओं के मासिक धर्म के दौरान उन्हें कई प्रकार की परेषानियों से गुजरना पड़ता है एवं स्वच्छता का भी ध्यान रखना पड़ता है। इस विषय में श्रीमती कौसर ने कहा अच्छा मासिक धर्म स्वास्थय और स्वच्छता व्यवहार संक्रमण को रोक सकता है, और बालिकाओं को इस दौरान आरामदायक रहने में मदद कर सकता है। उन्होंने माताओं से प्रष्न पूछे कि इस दौरान बालिकाओं का व्यवहार कैसा होता है एवं किस प्रकार की परेषानियों का सामना करना पड़ती है। इसके लिए छात्राओं को उचित गुणवत्ता वाले सैनिटरी पैड का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान अपनी स्वच्छता का विषेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती कौसर ने स्कूल के संस्थापक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ जी का धन्यवाद किया की स्कूल प्रांगण में इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम को करने का उन्हें अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य श्री परमेन्द्र दरयानी जी एवं सुश्री रीना मण्डलोई ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# संत हिरदाराम नगर के वार्डों में भाजपा का घर-घर जनसम्पर्क

## कार्यकताओं ने वार्ड 3, 4 और 5 में विकास कार्यों से कराया अवगत



**संत हिरदाराम नगर।** भारतीय जनता पार्टी के हुज़ूर क्षेत्र के प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में भाजपा संत हिरदाराम नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड 3, 4 एवं 5 में घर घर जाकर पार्टी के लिए समर्थन मांग रहे हैं। तीनों वार्डों में अलग-अलग टोलियां बनाकर घर-घर जाकर पार्टी के लिए वोंट मांग रहे हैं। वार्ड नं. 3 में विकास मारण, मिक्की दास, अभिषेक चैकसे, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेश हिंगोरानी, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, महेश खटवानी, किशन अच्छानी, महामंत्री बबलू चावला, सूरज यादव, नरेन्द्र लालवानी, गुलाब जेठानी, उमेश नागर, सुमित आहूजा एवं वार्ड 5 में मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी के साथ जगदीश आसवानी जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, चंदू ईसरानी, दीपक मेहर, प्रदीप मेवाडा, विजय डोडानी, शेटी चंदानी, भारती मूलचंदानी, सीमा लालवानी, किरण वाधवानी, निर्मला, सोनी, कामिनी शर्मा, सुषमा, रीना पोद्धार, सुलेखा भारती, राम सबनानी, सोनू राज चंदानी, शंकर मेंघानी, नवीन भोजवानी, अमित बिनवानी इसके अलावा संत नगर के कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता रामेश्वर शर्मा के लिए घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष राम बंसल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता से किए हर वादे को पूरा करती है संत नगर में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं जनता पार्टी के पक्ष में है मतदान करने हेतु तैयार है।



# सबनानी का जनसंपर्क

**दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी भगवान दास सबनानी ने आज वार्ड 28 में जनसंपर्क किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। उनके साथ नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी तथा अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे।**

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में बुकमार्क प्रतियोगिता का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के भाषा विभाग एवं केन्द्रीय पुस्तकालय ने छात्राओं के बीच रचनात्मकता और अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बुकमार्क मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करता है। बुकमार्क पढ़ाई के महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। यह कला के प्रदर्शन और रचनात्मकता के विभिन्न रूपों के प्रति सराहना को बढ़ावा दे सकता है। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न बुकमार्क डिजाइनों के माध्यम से अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन कला और साहित्य के क्षेत्र के विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा रचनात्मकता, मौलिकता और प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार उषा मालवीय को, द्वितीय सौम्या सक्सेना को, तृतीय हावरा हसन को और सांत्वना पुरूस्कार महक ठाकुर को दिया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर का कई जगह स्वागत



**भोपाल।** भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, भानपुर मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत में जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गोविंदपुरा विधानसभा विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर का वार्ड 72 के मालीखेड़ी गांव, मालीखेड़ी बस्ती, लालकोठी कॉलोनी, बिहारी कॉलोनी, पटेल मार्केट भानपुर के मतदाताओं ने अनेकों स्थान पर आतिशबाजी कर, आरती उतार कर, फलों से किया तुलादान, शाल श्रीफल माला पहनकर किया भव्य स्वागत, मतदाताओं ने दिया विजयश्री का आशीर्वाद, वरिष्ठ महिला मतदातों ने गले लगाकर, सर पर हाथ रखकर दिया विजयश्री का आशीर्वाद, पार्टी कार्यकर्ता एवं मतदाताओं ने उत्साह में ढोल की थाप पर नाचते हुए, कृष्णा गौर जिंदाबाद के जयकारे लगाते हुए घर घर किया जनसंपर्क। वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल के नेतृत्व में विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर ने जनसंपर्क किया। कृष्णा गौर ने श्रीराम मंदिर में दर्शन पूजन कर जनसंपर्क का किया शुभारंभ। जनसंपर्क के दौरान रास्ते में मिलने वाले सभी मंदिरों में किया दर्शन। जनसंपर्क में मंडल के अध्यक्ष निलेश गौर, वरिष्ठ नेत्री तुलसा वर्मा, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपचुनाव प्रभारी विनोद साहू, मदन माली, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूनम प्रजापति, समाजसेवी मुकेश यादव, प्रकाश पटेल, कामता प्रसाद गौर, नारायण साहू, दीवान सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।

# ये मेरा मध्यप्रदेश है...के गान के साथ और दीप दान कर मनाया स्थापना दिवस



**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार स्कूल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ से राधिका प्रेमाभक्ति एवं सन्दनी पदम, महेश प्रेमचन्दानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष सबूमल रीझवानी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों और शाला परिवार के समस्त बच्चों एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बड़े ही उत्साह एवं तन्मय होकर ''ये मेरा मध्य प्रदेश है'' गीत के स्वर का सुरमय गान किया तथा सभी ने श्री कृष्ण जी दामोदर रूप को दीपदान किया। बसंत चेलानी ने कहा कि हम मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शपथ लेते है कि मध्य प्रदेश को और आगे बढ़ाएंगे और राष्ट्रीय हित में सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। जीवन में सुख शांति के लिए सभी दीप दान करेंगे।

सुशील वासवानी ने कहा कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर जो गीत गाया उससे हमें प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता की जानकारी मिलती है जब हमारा मध्य प्रदेश आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा हमें अपने राष्ट्रहित के बारे में सोचना चाहिए जब राज्य का विकास होगा तो देश का भी विकास होगा। राधिका प्रेमाभक्ति ने दीपदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि कार्तिक मास में भगवान दामोदर ने अनेक लीलाएं की है।

# कलेक्टर ने ली आतिशबाजी विक्रेताओं की बैठक

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार को देखते हुए थोक आतिशबाजी विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें विस्फोटक अधिनियम 1884 एवं विस्फोटक नियम-2008 में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये।उन्होंने विक्रेताओं को सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ पूर्ण रखने के निर्देश भी दिये।अस्थाई दुकानों में प्रयाप्त दूरी सहित अस्थाई दुकानों के संबंध में अन्य नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाये।कलेक्टर ने स्थाई एवं अस्थाई दुकानों का वेरिफिकेशन शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये ।इस दौरान एडीएम एवं एसपी देहात उपस्थित रहे।

# मध्य विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार ध्रुवनारायण सिंह ने वार्ड 42 में किया जनसंपर्क



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्य विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार ध्रुवनारायण सिंह ने शाम को भाजपा बरखेड़ी मंडल के अंतर्गत वार्ड-42 के वरदान हॉस्पिटल के पास से आज शुरू किया जनसंपर्क जो भाजपा बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष श्री हेमंत जोगी के नेतृत्व में बरखेड़ी मंडल के वार्ड-42 के अनेकों स्थानों पर जनसंपर्क किया गया। वार्ड के अनेकों जगह पर महिलाओं ने विजयश्री का टीका लगाया मिठाईयां खिलाकर स्वागत किया गया।साथ ही माता रूपी कन्याओं ने भी ध्रुवनारायण को आरतियाँ उतार कर टीका लगाकर स्वागत किया। जनसंपर्क चिकलोद रोड,बापू कालोनी पवन पारोचे का निवास,क्रिसेंट स्कूल के पास,वाल्मीकि मोहल्ला,किशोर श्रीवासजी के मकान सरदार मोहल्ला,मार्बल मार्केट नीम वाली सड़क,जिंसी चौराहा,चिकलोद रोड कुम्हार पुरा,भैयालाल साहू निवास,रहमान लॉन्ड्री,चर्च रोड,जिंसी चौराहे पर समापन हुआ। जिसमे बरखेड़ी मंडल के अनेकों अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे जो इस प्रकार है जनसंपर्क में मौजूद रहे भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा घाडगे,भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी,मध्य विधानसभा मतदाता सूची प्रभारी श्री नवल प्रजापति,वरिष्ठ नेता वार्ड-34 के पार्षद पप्पू विलासराव घाडगे,महामंत्री पवन पारोचे, पवन यादव,वार्ड-42 के पालक अनूप खरे, वार्ड संयोजक जनाब नवाज अली,ईमरान खान,सर्वर भाई ,किशोर श्रीवास, राजेश साहू,अंशु मिर्जा मनीष चौरसिया,सहित भाजपा बरखेड़ी मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# करुणाधाम आश्रम में 101 जोड़ो के साथ सामूहिक मनाया करवाचौथ

**भोपाल ।** नेहरू नगर स्थित मां लक्ष्मी जी के मंदिर करुणाधाम आश्रम में गुरुजी सुदेश शांडिल्य जी महाराज के सानिध्य में 101 जोड़ो के साथ सामूहिक करवा चौथ का आयोजन किया गया। भोपाल का एक मात्र स्थान है जहां पर सामूहिक रूप से करवाचौथ व्रत पूजन का आयोजन किया जाता है । सहज शिक्षा समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में यह आयोजन किया जाता है , आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग , सदस्य सुनील भार्गव , रमेश राठौर ने बताया कि सुबह से निर्जला उपवास रखकर चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलने वाली महिलाओं का पूजन इस बार पण्डीत विष्णू राजौरिया जी के द्वारा विधिवत् करवाचौथ व्रत का पूजन करवाया गया , कार्यक्रम स्थल पर फूलों की रंगोली के साथ सभी को व्रतधारी महिलाओं को आसन पर बैठाकर उनको सजी सजाई पूजन थाली दी गई । करवाचौथ व्रत करने वाली महिलाओं महिलाओं को अपने घर से छलनी और करवा के अलावा कुछ नहीं लाना होता है . समस्त पूजन सामग्री सामहिक पूजन स्थल पर ही दी गई। पंडाल स्थल पर 20 से 25 वालिंटियर होते हैं , जिनके द्वारा पूरी व्यवस्था की जाती है । आसामान पर जैसे चंद्र दर्शन हुए उसके बाद भव्य आतिशबाजी की गई ।

# एलएनसीटी में राष्ट्रीय स्टुडेंट मैनेजमेंट सिमुलेशन गेम्स का शुभारंभ




**भोपाल।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा चाणक्य नामक 27वी स्टुडेंट मैनेजमेंट गेम्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मंगलवार को किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी रीजनल लेवल पर प्रतिभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता का अंतिम चरण अप्रैल में दिल्ली में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के निवर्तमान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह और विशेष अतिथि देशबंधु समाचार पत्र समूह के संचालक पलाश सुरजन व सह संपादक रूपेश गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री सिंह ने छात्रों को निरन्तर अध्धयन करने के साथ ही टीम वर्क से नवाचार करने का आव्हान किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में एलएनसीटी समूह की ओर से प्रो चांसलर डॉ अनुपम चौकसे द्वारा औपचारिक घोषणा व प्रबन्ध संचालक डॉ अरविंद सिंह ने स्वागत उद्बोधन में प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन अध्या तिवारी ने किया।

# 1500 मीटर दौड़ में, एलएनसीटी के अर्जुन ने जीता कांस्य पदक



भोपाल गोवा में आयोजित किए जा रहे 37वें नेशनल गेम्स 2023 एथलेटिक्स प्रतियोगिता, 1500 मीटर दौड़ में एलएनसीटी विश्वविद्यालय बीपीईएस द्वितीय वर्ष के अर्जुन बास्कले ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष वर्ग में 1500 मीटर दौड़ 3ः41.69 सेकंड के साथ पूरा कर कांस्य पदक अर्जित किया। अर्जुन के नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जय नारायण चौकसे, डॉ. अनुपम चौकसे प्रो चांसलर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, पंकज जैन स्पोर्ट्स ऑफिसर एलएनसीटी, डॉ. बी.एस. पवार प्राचार्य डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन,सुप्रिया जाटव इंटरनेशनल कराटे खिलाड़ी हेड कोच कराटे एलएनसीटी,तन्वंत सिंह, महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दी।

# मानसरोवर पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्रों के लिए हुई एचसीएल टेक्नोलॉजीज की रजिस्ट्रेशन ड्राइव



**भोपाल।** गत दिवस मानसरोवर पब्लिक स्कूल में प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के टेक बी प्रोग्राम की रजिस्ट्रेशन ड्राइव आयोजित की गयी। मानसरोवर समूह के करियर डेवलपमेंट सेल के हेड राहुल मालवीय ने एचसीएल भोपाल क्लस्टर हेड संजय तिवारी जी का स्वागत किया। इसके बाद प्रेजेंटेशन के जरिये श्री तिवारी ने कक्षा बारहवीं और ग्यारहवीं के छात्रों को इस टेक बी प्रोग्राम के तहत अर्न एन्ड लर्न प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने मानसरोवर पब्लिक स्कूल के उन छात्रों के बारे में बताया जो इस टेक बी के तहत जुड़कर वर्तमान में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मैथ्स स्ट्रीम के छात्रों और कंप्यूटर स्ट्रीम वाले छात्रों के लिए टेक बी प्रोग्राम बेहद सफलता से चल रहा है , जिसमे छात्रों को एक वर्ष की ट्रेनिंग दी जाती है और उसके बाद छात्र एचसीएल के नियमित एग्जीक्यूटिव हो जाते हैं। प्रेजेंटेशन के बाद छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया जिसके बाद उन्हें एक ऑनलाइन टेस्ट देना होगा, जिसके बाद छात्र इस प्रोग्राम से जुड़ सकेंगे। मानसरोवर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ सोजेन जोसफ ने श्री तिवारी को छात्रों को दिए गए अवसर के लिए धन्यवाद दिया। मानसरोवर समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजीनियर गौरव तिवारी जी ने कहा कि मानसरोवर समूह स्कूल लेवल से ही छात्रों को रोज़गार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहता है। छात्र अगर करियर की शुरुआत ही एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनी से करेंगे तो निश्चित ही एक बेहतरीन करियर शिखर पर पहुंचेंगे।

# भाजपा ने दिया स्थायी, प्रमाणिक और जनउपयोगी शासन: रविशंकर प्रसाद

**पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा-हिम्मत है तो राम मंदिर का विरोध करे**



**ग्वालियर।** 2003 से पहले मध्यप्रदेश की क्या स्थिति थी, हम सभी ने देखा है। भाजपा की सरकार ने एक बीमारू प्रदेश को विकसित राज्य बनाया। सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं तो दी ही हैं, यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर, आईटी और इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में भी बहुत काम हुआ है। मध्यप्रदेश से विदेशों को होने वाला एक्सपोर्ट बढ़ा है। यह सब इसलिए हो सका है, क्योंकि यहां स्थायित्व है। भाजपा ने मध्यप्रदेश को स्थायी, प्रमाणिक और जनउपयोगी शासन दिया है। आने वाले चुनाव में आप स्थायित्व, सुशासन और राष्ट्रवाद के लिए भाजपा को समर्थन दें। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को ग्वालियर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आजकल इंडी गठबंधन कहां है, कुछ पता नहीं चलता। मीडिया की खबरों से यह जरूरत पता चलता है कि गठबंधन के नेता आपस में लड़ रहे हैं। राज्यों के चुनाव में उनमें इस बात को लेकर विवाद चल रहा है कि किसको कितनी सीटें मिलेंगी और मुख्यमंत्री कौन होगा? श्री प्रसाद ने कहा कि जब गठबंधन अवसरवादी हो, तो ऐसी ही चीजें सामने आती हैं। तीन-तीन बैठकें होने के बाद भी इसके नेता एकमत नहीं हो पा रहे हैं।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार अक्सर राजनीति को नये-नये शब्द देने के लिए मशहूर है। लेकिन इस बार बिहार को पीछे छोड़कर मध्यप्रदेश ने राजनीति को एक नया शब्द दिया है 'कुर्ता फाड़' राजनीति। समझ में नहीं आता कि इसके लिए कांग्रेस पार्टी को बधाई दूं, उसका अभिनंदन करूं या इस पर दुख जताऊं। दो बड़े नेता, जिनमें से एक मुख्यमंत्री पद का दावेदार है और दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री है। इनमें से मुख्यमंत्री पद के दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री के लिए कहते हैं कि इसके कपड़े फाड़ो। श्री प्रसाद ने कहा कि इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी में अंदर खाने सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये कांग्रेस के नेताओं के राजनीतिक स्वार्थ का टकराव है। अभी पता चला है कि इन दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। पता नहीं वहां रिश्ते बनते हैं या तकरार और बढ़ेगी।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में मैं रामलला का वकील रहा हूं। यह हम सभी के लिए बड़े गर्व की बात है कि 500 वर्षों की गुलामी के बाद अब संवैधानिक और न्यायिक मर्यादा का पालन करते हुए रामलला का मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को इसका उद्घाटन है। लेकिन कांग्रेस को इससे समस्या हो रही है। समझ में नहीं आता कि कांग्रेस को राम मंदिर से क्या परेशानी है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर विवाद के समाधान में हमेशा रोड़े अटकाने के प्रयास किए हैं।



करवा चौथ.. चुनावी व्यस्तताओं के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह ने करवा चौथ वृत रखा। चलनी में पति का चेहरा देखा। श्री चौहान ने उन्हें करवा चौथ की कहानी सुनाई।

# भाजपा के कद्दावर प्रत्याशियों को घेरने कांग्रेस मीडिया विभाग ने की तेज तर्रार प्रवक्ताओं की तैनाती

**संतोष परिहार होंगे कंट्रोल रूम प्रभारी**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर मप्र विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारे गये भाजपा के 12 कद्दावर और वरिष्ठ प्रत्याशियों के खिलाफ एक सुविचारित रणनीति के खिलाफ इन भाजपा नेताओं और प्रत्याशियों को उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में घेराबंदी के लिए मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग द्वारा अपने तेजतर्रार प्रवक्तागणों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मीडिया प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है, जो इन विधानसभा क्षेत्रों में रहकर भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ प्रचार-प्रसार को गति देने और कांग्रेस के पक्ष में अपनी बात मीडिया के समक्ष रखने में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने इन प्रवक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए उनसे आग्रह किया है कि वे चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस तक इन क्षेत्रों में अपना डेरा डाले और आक्रमक तरीके से प्रामाणिकता के साथ इन भाजपा प्रत्याशियों के विरूद्व प्रतिदिन घेराबंदी करें। इसी प्रकार उन्होंने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया कंट्रोल रूप स्थापित किया है जो प्रतिदिन समूचे 230 विधानसभा क्षेत्रों में अपने जिला प्रवक्ताओं के माध्यम से समूची जानकारी एकत्र करेगा, बल्कि आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करते हुये प्रतिदिन



वहां होने वाले सभी घटनाक्रमों पर अपनी पैनी नजर रखेंगा। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताद्वय श्री संतोष सिंह परिहार व सुश्री फरहाना खान कांग्रेस मीडिया विभाग की कंट्रोल रूम प्रभारी होंगी।

**इन्हें सौंपी जिम्मेदारी:** प्रभारी प्रवक्ता निर्मल पुरोहित-बुधनी विधानसभा प्रत्याशी शिवराजसिंह चौहान, प्रभारी प्रवक्ता अजीत सिंह भदौरिया-दिमनी विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रभारी प्रवक्ता अमित चौरसिया-इंदौर-1 विधानसभा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी प्रवक्ता अवनीश बुंदेला-खुरई विधानसभा प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह, प्रभारी प्रवक्ता शहरयार खान-निवास विधानसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रभारी प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा-दतिया विधानसभा प्रत्याशी नरोत्तम मिश्रा, प्रभारी प्रवक्ता रवि वर्मा-सीधी विधानसभा प्रत्याशी रीति पाठक, प्रभारी प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे-जबलपुर पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी राकेश सिंह, प्रभारी प्रवक्ता स्वदेश शर्मा-गोहद विधानसभा प्रत्याशी लालसिंह आर्य, प्रभारी प्रवक्ता कुंदन पंजाबी-नरसिंहपुर विधानसभा प्रत्याशी प्रहलाद पटेल, प्रभारी प्रवक्ता राजकुमार केलू उपाध्याय-गाडरवारा विधानसभा प्रत्याशी राव उदयप्रताप सिंह, प्रभारी प्रवक्ता उपेन्द्र मिश्रा-सतना विधानसभा प्रत्याशी गणेश सिंह।

# मुस्लिमों-आदिवासियों को डराकर कांग्रेस ने राज किया: प्रहलाद पटेल

**केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने सागर जिले की बीना विधानसभा में जनसभा को किया सम्बोधित**

**सागर/बीना।** केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुस्लिमों और आदिवासियों को डराकर देश और प्रदेश में राज किया। कांग्रेस ने मुस्लिमों और आदिवासियों को डराया कि यदि भारतीय जनता पार्टी अगर सत्ता में आई तो उनके अधिकार छीन लेगी, लेकिन जब भाजपा आई तो आती चली गयी और अब कांग्रेस सत्ता से साल-दर-साल दूर होती जा रही है। जनता के जागरण ने कांग्रेस द्वारा फैलाएं जा रहे भ्रम, भय और लालच को नकार दिया। श्री पटेल सागर जिले के बीना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री महेश राय के समर्थन में भानगढ़ में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की दोस्ती का आधार ही यही है कि जैसे ही सत्ता में आएंगे और लूट शुरु करेंगे मगर जागरूक जनता ने ठान लिया है कि क्या करना है। पटेल ने कहा कि लालच देना भाजपा का स्वभाव कभी नहीं रहा। 2014 में जब श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने जीतने के पहले कभी नहीं कहा कि वे साढ़े तीन करोड़ कच्ची छतों के नीचे रहने वाले लोगों को पक्का मकान देंगे। जब उन्होंने पीएम आवास योजना शुरु की तो ये सकारात्क परिणाम सामने आए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जीतने के पहले ये भी नहीं कहा था कि वे साढ़े 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराकर महिलाओं के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। मोदी ने 9 करोड़ 60 लाख उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए हैं, इसका जिक्र भी उन्होंने चुनाव जीतने के पूर्व नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लालच नहीं देती। मध्यप्रदेश में भी शिवराज सरकार ने कभी चुनाव जीतने के लिये घोषणाओं की तिकड़मबाजी नहीं अपनायी, ये केवल कांग्रेस की फितरत है।



# केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने निवाड़ी और पृथ्वीपुर में किया जनसंपर्क



**निवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश और देश का विकास किया है। मध्यप्रदेश की जनता का भारतीय जनता पार्टी पर पूरा भरोसा है और इस भरोसे को भाजपा की केंद्र की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बरकरार रखे हुए है। जनता किसी भी राजनीतिक दल और सरकार पर तभी भरोसा करती है, जब राजनीतिक दल और सरकार जनता की भलाई के लिए कार्य करे। मध्यप्रदेश में 15 कमलनाथ के छोड़ दिया जाए तो लगातार करीब 18 साल से भाजपा की सरकार है। यह जनता का विश्वास ही है कि लगातार भाजपा की सरकार बन रही है। भाजपा की सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया है। निवाड़ी जिले के संपूर्ण विकास के लिए निवाड़ी और पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताकर मध्यप्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनाएं। यह बात केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने निवाड़ी में श्री अनिल जैन और पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी डॉ. शिशुपाल यादव के समर्थन में जनसंपर्क के दौरान जनता से चर्चा करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनिल जैन को प्रचंड बहुमत से जिताने का आह्वान किया। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस ने वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश में किसानों की कर्ज माफी की घोषणा करते सत्ता में आए और किसानों का कर्ज भी माफ नहीं किया। किसानों को डिफाल्टर बना दिया। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने डिफाल्टर हुए किसानों के ऋण का ब्याज चुकता कर उन्हें डिफाल्टर की श्रेणी से बाहर निकालने का कार्य किया है।केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पृथ्वीपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. शिशुपाल यादव के समर्थन में जनसंपर्क करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

# प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें, जो तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार हैं: शिवराज सिंह

**मुख्यमंत्री ने पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में ली सभाएं**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रदेश को ऐसे हाथों में न सौंपे, जो तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार हैं। मध्यप्रदेश में प्रत्येक परिवार एक रोजगार भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है। 68 वर्षों में मध्यप्रदेश ने प्रगति और विकास की लंबी मंजिल तय की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने प्रगति और विकास किया है। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को जिताकर प्रदेश के विकास को गति दें। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पुष्पराजगढ़, डिंडौरी, शहपुरा और लखनादौन में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पुष्पराजगढ़ में पार्टी प्रत्याशी हीरासिंह श्याम, डिंडौरी में पंकज सिंह टेकाम, शहपुरा में ओमप्रकाश धुर्वे और लखनादौन में विजय उईके के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं, आप सभी मेरा परिवार हो। आज बहनों ने मेरी नज़र उतारी है, ये बहनें ही मेरी रक्षक हैं। कांग्रेस ने कभी भी गरीब बहनों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन मैं बहनों की गरीबी दूर करूंगा। मेरा संकल्प है बहनों की जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं रहने दूंगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया और सभा से पहले बैगा बहनों ने मुख्यमंत्री की आरती उतारकर नज़र उतारी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कमलनाथ पूछते हैं कि, मैंने क्या गुनाह किया था..मैंने क्या पाप किया था?। मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ जी सबसे बड़ा आपका पाप है कि यहां बैगा बहने बैठी हैं उनको पोषण आहर के लिए प्रतिमाह मिलने वाली 1000 रुपए बंद कर सबसे बड़ा पाप किया।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, मध्यप्रदेश को ऐसे हाथों में न सौपें जो प्रदेश की तबाही और बर्बादी के जिम्मेदार थे। जिन्होंने मध्यप्रदेश को भ्रष्टाचार और घोटालों का प्रदेश बना दिया था। उनसे मध्यप्रदेश को बचाना है। प्रत्येक वर्ष हम आनंद और उत्साह से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाते हैं। स्थापना दिवस मनाने की परम्परा भी भाजपा सरकार ने शुरू की है। इस बार आचार सहिंता के कारण सरकारी स्तर पर आयोजन नहीं कर पा रहे, लेकिन 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। इसके बाद तिथि निश्चित करके धूमधाम से मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाएंगे। समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश का रोडमैप तय करके आगे बढ़ने का संकल्प लेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, मेरी जिंदगी का लक्ष्य है कि, जनता की जिंदगी बेहतर बनाना। हर बहन को आने वाले 5 सालों में लखपति क्लब में शामिल करना है। घर का कामकाज करने के साथ ही जिनकी साल की आमदनी 1 लाख रूपए से ज्यादा हो वह है लखपति दीदी। सेवा करेंगे तो ऐसी करेंगे कि जमाना भी याद रखेगा। आपकी जिंदगी में खुशहाली लाना ये मेरी जिंदगी का मकसद है।

# एम्स की डॉ. हिथा एंटोनी ने ऐसीपीकॉन में पोस्टर प्रस्तुत किया



**भोपाल।** एम्स में जूनियर रेजिडेंट डॉ. हिता एंटोनी ने डॉ. सुनील चौहान, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. संतोष वाकोडे, डॉ. योगेश निवारिया और डॉ. दानिश जावेद के मार्गदर्शन में फिजियोलॉजी के 9वें वार्षिक सम्मेलन में एक पोस्टर प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन लखनऊ के केजीएमयू में अटल बिहारी वैज्ञानिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इसमें देश भर से डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ सहित 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव शरीर विज्ञान की जटिलताओं को समझना और इस क्षेत्र में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करना था। डॉ. हिथा एंटोनी का शोध हृदय गति परिवर्तनशीलता (एचआरवी) और कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्ट (सीएबीजी) सर्जरी से पहले और बाद में इसकी विविधताओं के महत्वपूर्ण विषय से संबंधित है, जो इस सर्जिकल प्रक्रिया के तीव्र प्रभावों को देखते हुए विशेष महत्व का क्षेत्र है। उनका अध्ययन सीएबीजी से गुजर रहे कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी) के रोगियों में इन विविधताओं को संबोधित करने में, योग चिकित्सा में निहित एक विश्राम तकनीक, योग निद्रा के संभावित लाभों से संबंधित है।

# नेमा ट्रेडर्स की दुकान सील, सुपाड़ी में पाम बीज की मिलावट मिली

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा निर्देशित किये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पुराना कबाड़खाना, जुमेराती स्थित दो सुपाड़ी विक्रेता संस्थानों का निरीक्षण किया गया । जुमेराती स्थित नेमा सुपाड़ी ट्रेडर्स् में सुपाडी में मिलावट करने हेतु चार बोरी (3 क्विंटल) से अधिक पाम बीज का भण्डारण होना पाया गया । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कटी हुई मिलावटी सुपाड़ी तथा पाम बीज के कुल तीन नमूने एकत्र किये गये । दयानंद चौक, जुमेराती स्थित प्रतिष्ठान मे संतोष कुमार जैन में छः बोरी (लगभग 5 क्विंटल) पाम बीज मिलावट हेतु संग्रहित पाये गये । इस प्रतिष्ठान से भी तीन नमूने एकत्र किये गये हैं ।मिलावट होना पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दोनों प्रतिष्ठानों के प्रसंस्करण क्षेत्र ( जहां सुपाड़ी में पाम बीज मिलाया जा रहा था) को मशीनों सहित सील किया गया । लिये गये नमूनों के जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी ।



## मिठाई की ट्रे पर बेस्ट बिफोर नहीं होने पर 5 प्रतिष्ठानों पर प्रकरण दर्ज

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा निर्देशित किये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नगर के दस मिष्ठान्न विक्रेता प्रतिष्ठानों में विक्रय हेतु ट्रे में रखी मिठाइयों में उत्पादन तथा बेस्ट बिफोर तिथि की जांच की गई थी। इनमें से पांच प्रतिष्ठानों गांधीनगर स्थित साईं बाबा स्वीट्स् तथा विष्णु स्वीट्स, न्यू मार्केट स्थित आहूजा पंजाब डेयरी प्रोडक्ट्स् एण्ड स्वीट्स तथा जहांगीराबाद स्थित मनोकांक्षा स्वीट्स, हमीदिया रोड स्थित मनोज स्वीटस् में मिठाइयों के ट्रे पर उत्पादन तथा बेस्ट बिफोर तिथि अंकित नहीं होना पाया गया था । अभिहित अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिष्ठानों के प्रोप्राइटरों के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत प्रकरण न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये । साथ ही अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में भोजन निर्माण होना पाये जाने पर ताजुल मस्जिद के सामने स्थित जमजम फास्ट फूड के प्रोप्राइटर तथा मैनेजर के विरूद्ध अधिनियम की धारा 56 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया ।

# पद्मनाभ तैलंग का ताम्रपत्र और साहित्य सप्रे संग्रहालय को भेंट



**भोपाल।** संपादक, लेखक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पद्मनाभ तैलंग को समर्पित ताम्रपत्र अब ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय की धरोहर है। तैलंग के सुपुत्र विजय तैलंग एवं अन्य परिवारजनों ने उनकी लिखी पुस्तकें और पाण्डुलिपियाँ और अन्य साहित्य सप्रे संग्रहालय को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व पुलिस महानिदेशेक डा. आर.एल.एस. यादव एवं डा. सुभाष अत्रे और प्रख्यात रंगकर्मी राजीव वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थें। पद्मनाभ तैलंग को आजादी की लड़ाई में तीन वर्ष का कारावास हुआ था। वे शिक्षक भी रहे। उन्होंने कई वर्षों तक 'चेतना' का संपादन- प्रकाशन किया। उनके कृतित्व पर डा. हरिसिंह गौर विश?वविद्यालय सागर और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में लघु शोध प्रबंध लिखे गए। विजयदत्त श्रीधर, सस्थापक-संयोजक, सप्रे संग्रहालय, भोपाल ने उपरोक्त जानकारी प्रेषित की।

## सम्पादकीय

# सियासी शोले..जय-वीरू और गब्बर..

मध्य प्रदेश की चुनावी राजनीति में बयानों की जंग अपने चरम की ओर बढ़ती जा रही है। कुछ दिन पहले कपड़ा फाड़ राजनीति को लेकर बयानों की बारिश हो रही थी, तो अब ऑल टाइम सुपरहिट फिल्म 'शोले' की तर्ज पर यहां भी जय-वीरू का शोर शुरू हो गया है। भाजपा और कांग्रेस इन किरदारों के ज़रिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही है। इस बीच फिल्म का एक एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें सूरमा भोपाली के किरदार की एंट्री हुई है।

शोले के मशहूर किरदार जय-वीरू...खलनायक गब्बर सिंह और इनके बीच बदले की कहानी को लेकर बुनी गई रमेश सिप्पी की ये फिल्म जिसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक इतिहास कायम कर दिया है। यूं तो इन तीन किरदारों के साथ इस फिल्म का हर किरदार यादगार बन गया था। फिर चाहे वो अंग्रेज़ों के ज़माने का जेलर हो, बसंती, मौसी या फिर घोड़ी धन्नो ही क्यों न हो। और इनमें एक बेहद खास चरित्र है सूरमा भोपाली का जिसे निभाया है कलाकार जगदीप ने। 'हमारा भी नाम सूरमा भोपाली ऐसेई नहीं है' वाला अंदाज़ इतना लोकप्रिय हुआ, जो आज भी लोगों की ज़बान पर चढ़ा हुआ है।

बात करते हैं सियासी शोल की। तो इसकी कहानी मंगलवार को शुरु हुई जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को जय-वीरू की जोड़ी बताया। कांग्रेस के इन दो दिग्गज नेताओं के दिल्ली बुलावे पर तंज कसते हुए उन्होने कहा कि 'जय और वीरू आपस में झगड़ रहे हैं और ये लूट के माल के लिए लड़ रहे हैं।' उन्होने आरोप लगाया कि पहले 2003 तक दिग्विजय सिंह ने प्रदेश को लूटा, तबाह और बर्बाद कर दिया और इसके बाद सवा साल में कमलनाथ ने भी मध्य प्रदेश को लूट का अड्डा बना दिया। अब इनके बीच लड़ाई है कि आगे कौन लूटे और कैसे लूटे। इससे पहले भी शिवराज लगातार आरोप लगाते आ रहे हैं कि कमलनाथ के कार्यकाल में वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था।

अब भला इन आरोपों पर कमलनाथ का जवाब कैसे न आता। उन्होने कुछ देर बाद ही ट्वीट करते हुए सीएम शिवराज को गब्बर करार दे दिया। कमलनाथ ने लिखा 'शिवराज जी, जय और वीरु ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अत्याचार के अंत का समय आ गया है। बाक़ी आप समझदार हैं।' कांग्रेस अरसे से बीजेपी पर 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार चलाने का आरोप लगाती आई है और कमलनाथ इससे पहले शिवराज सरकार के 18 सालों के घोटालों की शीट भी जारी कर चुके हैं।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 से पहले इस 'सियासी शोले' फिल्म का एक सीन अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये दरअसल एक एडिटेड वीडियो है जिसमें जय वीरू और सूरमा भोपाली तीनों साथ हैं। यहां सूरमा भोपाली हमेशा की तरह अपनी हांकने वाली आदत के मुताबिक बता रहा है कि कैसे जय-वीरू ने उसके पैर पकड़ लिए। ये फिल्म का एक मशहूर कॉमेडी सीन है जो बहुत हिट हुआ था। इस सीन में अब किरदारों के चेहरे बदल दिए गए हैं। दरअसल जय और वीरू के चेहरे पर एडिटिंग से दिग्विजय सिंह और कमलनाथ का चेहरा लगा दिया गया है, वहीं सूरमा भोपाली को सीएम शिवराज सिंह चौहान का चेहरा दिया गया है। और इस तरह एडिटेड वीडियो में सीएम शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसा गया है।

फिलहाल मध्य प्रदेश की चुनावी मौसम में इसी तरह के कई फिल्मी सीन देखने को मिल रहे हैं। देखना होगा कि बयानी जंग और इसके साथ- साथ सोशल मीडिया पर क्या-क्या सीन देखने को मिलते हैं?

# अलर्ट मैसेज से हंगामा

देश के कुछ प्रमुख विपक्षी नेताओं को उनका आईफोन हैक करने के प्रयासों से जुड़ा अलर्ट मेसेज मिलने के बाद जिस तरह का हंगामा मचा, वह अस्वाभाविक नहीं है। चूंकि मेसेज में सरकार प्रायोजित हमलावरों का जिक्र था, इसलिए मामला ज्यादा गंभीर माना गया। जब भी किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की ओर से विपक्षी नेताओं की निजता भंग करने का ऐसा मामला सामने आता है, तो स्वाभाविक ही सरकार से जवाब-तलब किया जाने लगता है। हालांकि यह साफ करना भी जरूरी है कि मौजूदा मामले में अभी बात सिर्फ संदेह की है। आईफोन पर ऐपल की ओर से भेजे गए ये मेसेज ऑटो जेनेरेटेड थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कंपनी भी आश्वस्त नहीं है। उसका कहना है कि इनमें से कुछ मेसेज फॉल्स अलार्म के भी हो सकते हैं। इसके बावजूद विपक्षी नेताओं की आशंकाएं निराधार नहीं कही जा सकतीं। उनका सवाल है कि अगर ये अलर्ट मेसेज फॉल्स अलार्म का हिस्सा हैं तो ऐसा कैसे हुआ कि सारे के सारे मेसेज विपक्षी दलों के नेताओं (और कुछ सत्ता विरोधी माने जाने वाले पत्रकारों) के ही फोन पर आए। दो साल पहले सामने आए पेगासस केस से जुड़ी यादों ने भी आशंकाओं को मजबूती देने का काम किया। हालांकि उस केस में सरकार के खिलाफ कुछ साबित नहीं हुआ है।

ऐसे में जब विपक्षी नेताओं के फोन की हैकिंग का यह नया आरोप लगा तो उसे पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी के कुछ नेताओं ने इन आरोपों को लेकर जिस तरह से विपक्ष को ही घेरना शुरू किया, उसे जिम्मेदार और तर्कसंगत रवैया नहीं कहा जाएगा। यह सत्तारूढ़ पक्ष के लिए खास मददगार भी नहीं है। ध्यान रहे, यह कोई ऐसा मामला नहीं है जो विपक्षी दलों के इन नेताओं का निकाला हुआ हो। अलर्ट मेसेज एक फोन कंपनी की तरफ से आए, जिसे सार्वजनिक करके सरकार के संज्ञान में लाना उनका काम था। अच्छी बात इस मामले में यह रही कि सरकार इन आरोपों को पूरी गंभीरता से लेती दिख रही है। न केवल पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं बल्कि आईफोन कंपनी से भी जांच में शामिल होने को कहा गया है। सभी पक्षों के लिए जरूरी है कि निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी करने के बजाय मामले की बारीक और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करने में सहयोग करें। यह न केवल विपक्षी दलों के नेताओं की प्राइवेसी से जुड़ा मामला है बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन को भी बाधित कर सकता है। इसलिए इसमें किसी तरह के ढीले-ढाले या लापरवाही भरे रवैये की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जानी चाहिए।

# शिवराज पहले मुख्यमंत्री, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष, बशर्ते...

**रमण रावल**



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ दिन पहले ही कहा था कि वे उस फिनिक्स पक्षी की तरह है, जो अपनी ही राख से फिर पैदा हो जाता है। फिनिक्स पक्षी का जिक्र पौराणिक कथाओं में होता है, जिसके अस्तित्व के बारे में कहीं प्रामाणिक जानकारी तो नहीं मिलती, लेकिन सब कुछ खो जाने के बाद फिर से सब कुछ पा लेने के माद्दे को फिनिक्स के पुनर्जीवन से जोड़कर जरूर बताया जाता है। तो शिवराज की यह बात उन चर्चाओं के परिप्रेक्ष्य में थी, जिनमें यह प्रचारित किया जा रहा है कि ये विधानसभा चुनाव उनके राजनीतिक जीवन का पटाक्षेप साबित होंगे। जबकि हालिया घटनाक्रम बता रहे हैं कि ये बातें दुष्प्रचार ज्यादा हैं। यह भी कहा जा सकता है कि शिवराज सिंह चौहान जहां पहुंच गये हैं, वहां से उन्हें खाली हाथ लौटाना संभव नहीं । ऐसे में आने वाला समय मप्र भाजपा और प्रदेश की राजनीति के लिये बेहद खास, रोमांचक और ऐतिहासिक होगा।

बीते एक साल में ऐसा कोई महीना नहीं रहा, जब इस आशय की अफवाहें न उड़ी हों कि शिवराज अब गये, तब गये। उनके काम करने के तरीके,प्रदेश में बढ़ती उनकी स्वीकार्यता व लोकप्रियता और मतदाताओं को लुभाने के लिये उनके द्वारा की जा रही घोषणाओं की कड़ियों को एक सूत्र में गूंथने पर जो माला बन रही थी, वे यह संकेत तो दे रहे थे कि वे कहीं न कहीं राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशा या भाजपा की रीति-नीतियों से परे जाकर भी फैसले ले रहे हैं, जो उनकी बिदाई का सामान बन सकता है। फिर भी वैसा कुछ नहीं हुआ और विधानसभा चुनाव आ गये।

इसलिये जब पहली सूची घोषित हुई तो एक बार फिर उन चर्चाओं ने जोर मारा कि चुनाव के बाद तो शिवराज की चलाचली तय है। यह भी कि उन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया जा रहा। इसके कुछ अंतराल के बाद ही दूसरी,तीसरी,चौथी सूची का आना,शिवराज को भी बुदनी से प्रत्याशी बनाना, शिवराज का फिनिक्स से खुद की तुलना करना, उनके चहेते नये-पुराने चेहरों को टिकट देने से शिवराज के अस्तित्व पर मंडरा रही धुंध छंटती दिखी और आसमान तब पूरी तरह से साफ हो गया, जब भाजपा के सबसे ताकतवर नेता अमित शाह ने हाल ही के मप्र दौरे में शिवराज सिंह चौहान तो पर्याप्त तवज्जो दी। ये संकेत काफी था राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेतृत्व के बीच तालमेल का, परस्पर भरोसे का।

अब शिवराज सिंह चौहान के राजनीतिक दोस्तों और विरोधियों को भी इस बात में गहरी दिलचस्पी है कि उनका राजनीतिक भविष्य क्या करवट लेगा? जैसा कि आहिस्ता-आहिस्ता चुनाव की तस्वीर साफ हो रही है, भाजपा फिर से सत्ता में लौटती दखाई दे रही है और वह भी भारी अंतर के साथ। ऐसे में यह संभव ही नहीं कि शिवराज की उपेक्षा कर कोई फैसला ले लिया जाये। तब भाजपा की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह कौन बनेगा करोड़पति खेल के सात करोड़ वाले सवाल जितना महत्वपूर्ण सवाल उठ रहा है। शिवराज सिंह चौहान,नरेंद्र सिंह तोमर,कैलाश विजयवर्गीय,प्रहलाद पटेल,वी डी शर्मा, नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव- ये वे सात नाम हैं, जो मुख्यमंत्री पदे के दावेदार माने जाते हैं। वी डी शर्मा के अलावा सभी विधानसभा चुनाव लड़ भी रहे हैं। तब देखना दिलचस्प होगा कि अनुकूल परिणामों के बाद श्यामला हिल्स का बंगला किसका निवास बनता है।

जो अभी तक के आसार हैं, उनके अनुसार नरेंद्र सिंह तोमर की सीट सबसे मुश्किल में दिख रही है। बदली परिस्थितियों में वे यदि सीट निकाल लेते हैं और सरकार बनती है तो पहले क्रम पर वे ही होंगे। हार जाने पर शिवराज सिंह चौहान की ताजपोशी के आसार सबसे ज्यादा हैं। उसकी वजह भी है।

मई 2024 में लोकसभा चुनाव हैं। मप्र में शिवराज के मजबूत जनाधार को कोई खारिज नहीं कर सकता। ऐसे में यदि उन्हें हटा दिया गया तो लाड़ली बहनों-भांजियों का एकतरफा लाड़ भाजपा को मिलना संदिग्ध होगा। तो सवाल यह है कि क्या कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल जैसे राष्ट्रीय नेता शिवराज के मंत्री बनना पसंद करेंगे? कतई नहीं। वे ससम्मान विधायकी छोड़कर फिर से केंद्र में चल देंगे, जहां निश्चित अहम जिम्मेदारी भी मिलेगी ही। तब संभव है कि कैलाश विजयवर्गीय अपनी सीट छोड़कर फिर से बेटे आकाश को उप चुनाव लड़वायें। इसी तरह से प्रहलाद पटेल अपने छोटे भाई जालम सिंह के लिये सीट छोड़कर चल दें।

इसका मतलब यह भी नहीं कि शिवराज सिंह फिर से पांच साल के लिये मप्र के मुख्यमंत्री बन जायेंगे। संभव है कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सरकार आने पर शिवराज को वहां कोई जवाबदारी दे दी जाये। एक अन्य संभावना भी आकार ले रही है कि जे पी नड्?डा की जगह शिवराज सिंह चौहान को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया जाये। इस पद के लायक तमाम योग्यतायें शिवराज में मौजूद हैं। वे कुशल वक्ता हैं। मोहिनी छवि हैं। महिलाओं के बीच लोकप्रिय हैं। कमोबेश हिंदी प्रांतो में तो उन्हें पहचान का संकट नहीं है।

संगठन की भी उन्हें गहरी समझ है। ऐसा इसलिये किया जा सकता है कि भाजपा मप्र में भविष्य का नेतृत्व तैयार करना चाहेगी, जो शिवराज के लगातार बने रहने से संभव नहीं है न ही शिवराज को दरकिनार किया जा सकता है। आखिरकार, वे चार बार मप्र के मुख्यमंत्री रहे हैं और कांग्रेस की अच्छी भली सरकार को धूल चटाने में उनका योगदान भी कम नहीं। उन्हें सम्मानजनक विकल्प देना भाजपा की नैतिक जिम्मेदारी रहेगी।

कुल मिलाकर मप्र और भाजपा की राजनीति में नवंबर-दिसंबर क्रांतिकारी,दिलचस्प और बेहद परिवर्तनशील साबित होंगे।

# शांति और स्थायित्व का टापू मध्य प्रदेश

**डॉ राघवेंद्र शर्मा**




1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आया मध्यप्रदेश अब जब 67 साल का हो गया है, तब इसने अनेक अनुकूलताएं और प्रतिकूलताएं अपने इर्द-गिर्द देखी हैं। इसके बावजूद बेहद संतोषजनक बात यह है कि हमारा वर्तमान मध्य प्रदेश बेहद समृद्ध, संपन्न, खुशहाल और इससे भी बढ़कर शांति का टापू बना हुआ है। यह सब इसलिए सार्थक हुआ जान पड़ता है, क्योंकि राजनीतिक इच्छा शक्ति की दृष्टि से मध्य प्रदेश स्थायित्व का अनूठा उदाहरण बन चुका है। वर्तमान में हमने क्या उपलब्धियां हासिल कीं, इन्हें तब तक महसूस नहीं किया जा सकता जब तक कि हम अपने अतीत में झांक कर ना देख लें। विंध्य प्रदेश मध्य भारत और भोपाल राज्य को मिलाकर बनाए गए मध्य प्रदेश में उसके प्रादुर्भाव काल से ही काफी विसंगतियां बनी रहीं।

मूलभूत सुविधाओं का अभाव था और विकास की संभावनाओं को तलाशना भी दुष्कर कार्य बना हुआ था। बिजली उत्पादन अपर्याप्त था। सड़कें केवल राजधानी और बड़े शहरों की तकदीर हुआ करती थीं। आवा गमन के साधन नगण्य थे। स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी ताना-बाना भी शुरुआती दौर में ही था। कुल मिलाकर तब मध्य प्रदेश को आगे बढ़ाने और विकास के पथ पर ले जाने हेतु एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति का अभाव स्पष्ट नजर आता था। शायद यही वजह रहा कि हमारा प्रदेश कभी निम्न तो कभी मध्यम गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहा। लंबे अंतराल के बाद समय ने पलटा खाया। फल स्वरुप सरकार की दशा और दिशा तय करने वाली सोच बदली तो फिर विकास के मायने भी बदले।

प्रदेश की दशा एवं दिशा दोनों ही नए स्वरूप को प्राप्त होते चले गए। 21वीं सदी लागू होने के केवल दो-तीन साल बीतने के बाद तो मानो मध्य प्रदेश को विकास के नए पंख ही लग गए। यहां मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ और अधिक सकारात्मक, सुलभ संसाधनों की खोज रफ्तार पकड़ने लगी। खेत खलिहानों की तरह गड्ढों से भरी रहने वाली सड़कें चिकनी और सपाट होकर वाहनों को रफ्तार देने में जुट गईं। दिन हो या रात, अधिकतम मानवीय समाज से नदारद बनी रहने वाली बिजली के उत्पादन में ऐसे ऐसे कीर्तिमान रचे कि अब इस मूलभूत सुविधा से केवल उजाला नहीं होता। औद्योगिक अनवरत चल रहे हैं। विद्युत आपूर्ति की निरंतरता के चलते पर्याप्त सिंचाई से खेत लहलहाते हैं।

और तो और अब छोटे बड़े वाहन भी बिजली से चार्ज होकर सुगम और सुविधाजनक हो चुकीं सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं। कभी रोडवेज की बसों को बंद करने की मजबूरी प्रदर्शित करने वाला मध्य प्रदेश अब अत्याधुनिक, इको फ्रेंडली बसों की नई-नई खेपों से आवागमन को सहज बनाते हुए यात्रियों को सुकून प्रदान कर रहा है। और तो और, राजधानी सहित प्रांत के अधिकांश महानगरों में मेट्रो ट्रेन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं यात्रियों को शहरी यातायात में सुगमता प्रदान करने हेतु पटरियों पर आनी शुरू हो गई हैं। शासन और किसानों की कदमताल इतनी संतुलित है कि हमारा प्रदेश लगातार कृषि कर्मण्य अवार्ड हासिल करता चला जा रहा है।

कभी नौकरी के इर्द-गिर्द आशा भरी हसरत लिए चक्कर काटने को मजबूर युवा अब सीखो और कमाओ का मंत्र सार्थक करते हुए दूसरों को नौकरी देने योग्य उद्यमी बन चला है। कन्याएं अब जन्म से ही लखपति हैं। माता बहनों की आर्थिक तंगी कम हुई, तो नई उम्मीद ने अंगड़ाई लेना शुरू कर दिया है। लड़के हों अथवा लड़कियां, खेल के मैदानों में आसमान छूने की होड़ परवान चढ़ रही है। अध्यात्म और पर्यटन के क्षेत्र में जो नवाचार हाल ही में शुरू हुए, उन्होंने भारतीय संस्कृति की सनातन कालीन धरोहरों को पुनर्जीवित कर दिया है। फल स्वरुप प्रदेश का सौंदर्य निखर उठा है तथा उक्त शहरों के निवासियों को रोजगार के नए-नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

यदि सार गर्भित शब्दों में कहा जाए तो हमारा मध्य प्रदेश राजनीतिक दृष्टि से मजबूत स्थायित्व को प्राप्त है। बेहद चाक चौबंद प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने कानून व्यवस्था इतनी कसावट पूर्ण बना रखी है कि मेरा मध्य प्रदेश शांति का टापू बना हुआ है। आप सबको मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# नया उद्योग ऊर्जा भंडारण

**-राकेश दुबे**



बिजली के क्षेत्र में तीन तरह के कारोबार होते हैं- उत्पादन, पारेषण और वितरण। कीमतें भी तीन तरह की होती हैं- थोक मूल्य जो उत्पादक को प्राप्त होता है, पारेषण की कीमत और अंत में खुदरा कीमत। अब एक चौथा उद्योग उभर आया है और वह है- ऊर्जा भंडारण का कारोबार।भारत में जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन कम हो रहा है। वित्तीय व्यवस्था भी आमतौर पर जीवाश्म ईंधन आधारित संयंत्रों को रकम नहीं देंगी। उत्पादन क्षमता के मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इसमें दिक्कत यह है कि नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन रुक-रुक कर होता है।

शाम को सूरज नहीं चमकता और हवा भी कमजोर हो सकती है। ऐसे में ग्रिड को संतुलित करने की जरूरत है। उत्पादन को मांग के अनुरूप करने में मुश्किल आ सकती है।कई पारंपरिक विचारकों के अनुसार इस समस्या का हल यह है कि एक ऐसी उत्पादन इकाई कायम की जाए जो भंडारण और उत्पादन को एक साथ कर दे। यह इकाई पारंपरिक बिजली उत्पादक जैसी नजर आएगी। उस स्थिति में यह मौजूदा व्यवस्था की दृष्टि से भी बेहतर रहेगी।

यह हो सकता है लेकिन ऐसा करना महंगा है। बेहतर है कि हम अपने मस्तिष्क को पारंपरिक बुद्धिमता, स्थिर और व्यवस्थित दीर्घकालिक पीपीए से अलग करें जो उत्पादन कंपनी को अपनी कारोबारी प्रवृत्तियों को रोकने और सीमित तथा विनियमित प्रतिफल पाने के लायक बनाती हैं।सबके मूल में कीमतों की भूमिका है। भारत की बिजली के क्षेत्र में जिस अंतर्दृष्टि को अपनाने की आवश्यकता है वह यह विचार है कि आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को दूर करने के लिए कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है।

शाम को अधिक मांग के समय जब सूरज ढल रहा होता है, ऊंची मांग कीमतों में इजाफा करेगी। इससे बिजली उपयोगकर्ता कम खरीद के लिए प्रोत्साहित होंगे। ऐसे मोबाइल ऐप इस्तेमाल करना सहज है जो दिखाते हैं कि हर खरीदार के लिए बिजली की कीमत कितनी है।इसे खरीदारों को उस समय एसी बंद करने का प्रोत्साहन मिलेगा जब कीमतें अधिक होंगी। स्मार्ट घरों में कीमतें उपयोगकर्ता द्वारा तय सीमा के ऊपर जाने पर एसी स्वयं बंद हो जाएंगे या फिर वहां तापमान और कीमत पर आधारित कोई नियमन होगा जिसका चयन उपयोगकर्ता करेंगे। शाम में अधिक कीमतें कंपनियों को इस बात के लिए प्रोत्साहन देंगी कि वे उस समय उत्पादन करें जब बिजली सस्ती हो।

उत्पादन की बात करें तो रोज एक या दो घंटे अच्छा मुनाफा कमाने की संभावनाएं भंडारण और पवन ऊर्जा में निवेश को प्रेरित करेंगी। बिजली कीमतों में उतार-चढ़ाव भी उन लोगों के मुनाफा कमाने वाले आचरण को प्रेरित करेगी जो ऊर्जा भंडारण कंपनियां बनाएंगे।

ऊर्जा क्षेत्र की तकनीक में निरंतर बदलाव आ रहा है और उत्पादन तथा भंडारण को लेकर नित नए विचार आ रहे हैं। किसी को नहीं पता है कि भविष्य कैसा होगा? अब वक्त आ गया है कि लोग अनिश्चितता का आकलन करें और भविष्य को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें।अत्यधिक विनियमित और नियोजित व्यवस्था में जहां अधिकारी जोखिम नहीं लगते और दूसरों को भी ऐसा नहीं करने देते, वहां निर्णय लेना काफी मुश्किल होता है।

इसके विपरीत कारोबारी जोखिम लेना जानते हैं। वे उपभोक्ताओं की पसंद और तकनीकी उन्नति पर ही जीते-मरते हैं। हर निजी कंपनी जानती है हर निवेश के साथ जोखिम जुड़ा होता है और नाकाम होना, किसी कंपनी या फैक्टरी का बंद होना आम है। इसका दूसरा पहलू भी है कि सफल परियोजनाओं में स्वीकार्य लाभ होना चाहिए।नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश की धीमी गति और जीवाश्म ईंधन निवेश में धीमेपन के साथ मजबूत आर्थिक विकास की स्थिति में बिजली की व्यवस्था में बड़ी दिक्कतें आएंगी। बिजली संबंधी नीति बनाने वालों को अब आने वाले वर्षों के परिदृश्य को लेकर तैयार रहना होगा।

पहली बात तो यह कि हमें एक कारगर मूल्य व्यवस्था बनानी होगी ताकि हम पारंपरिक अफसरशाही ढांचे वाली बिजली व्यवस्था के बजाय नवाचारी और जोखिम उठाने वाली व्यवस्था को अपना सकें। कोई भी मांग पक्ष की पहल, भंडारण और नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में नहीं जानता है जो भविष्य में भारतीय ऊर्जा क्षेत्र की व्यवस्था होगी। इस मूल्य व्यवस्था को पता होगा कि किफायती उत्तर कैसे तलाश किया जाए।

जोखिम लेने और अनिश्चितता को ध्यान में रखने की सुविधा के लिए विनियमित दरों के मानक पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। 20वीं सदी में कई देशों की बिजली व्यवस्था कम जोखिम के साथ-साथ बिगड़ गई थी। इस क्षेत्र की कंपनियां दरअसल विनियमित प्रतिफल दरों वाली कंपनियां थीं।काम की गति धीमी थी और प्रतिफल भी। इक्कीसवीं सदी पहले से अलग है। यह अत्यधिक जोखिम वाला विश्व है जहां कई परियोजनाएं नाकाम होंगी और ऐसे में पारंपरिक कम नियमित प्रतिफल दर को अपनाना अनुचित होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# चांद के साथ अपने चांद को देखकर सुहागनों ने की पूजा अर्चना



नर्मदापुरम //सुहागिनों का पावन पर्व पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर महिलाओं के द्वारा किया जाता है, महिलाएं इस व्रत को कठिन निर्जला, निराहार कर पूरे विधि विधान के साथ संपन्न करती हैं। दिन भर भूखे प्यासे रहकर शाम को 16 श्रृंगार कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर भगवान गणेश और चंद्र देव की पूजा अर्चना की तत्पश्चात चलनी में पति की मूरत देखकर उसकी आरती उतारी और तिलक किया तो पतियों ने भी अपने हाथो से जल पिलाकर व्रत का परायण किया। कुछ महिलाओं के पति विषम परिस्थितियों में घर से दूर रहे तो महिलाओं ने पति को वीडियो कॉल कर और पति की फोटो देखकर व्रत का परायण किया। करवा चौथ व्रत को लेकर बुधवार दिन भर बाजार में जमकर ग्राहकी की रही, शाम होते-होतेबाजार में महिलाओं की भीड़ और अधिक बढ़ रही, क्योंकि अवकाश न होने के कारण महिलाओं ने दिन भर अपने कार्यालय में ड्यूटी की, इसके बाद शाम को बाजार जाकर करवा,मिठाई एवं अन्य सामग्री खरीदी। इस व्रत को सुहागन महिलाएं पति की लंबी उम्र एवं दीर्घायु होने की कामना के लिए करती है, तो कुंवारी कन्याएं उत्तम, सुंदर पति की कामना को लेकर रखती है। दिनभर की तैयारी के बाद रात्रि में जैसे ही चंद्रमा आकाश में दिखाई दिया महिलाओं ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर व्रत का परायण किया। अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से ही करवा चौथ व्रत की पूजा की गई। महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

# वयोवृद्ध माता और पिताओं को मिला सम्मान, नागेश्वर दुर्गा समिति ने फिर की अनूठी पहल



सिवनी- प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री नागेश्वर दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन उत्सव के अवसर पर 30 अक्टूबर दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे छिंदवाड़ा रोड श्री नागेश्वर मंदिर चंदन टेंट हाउस सिवनी के सामने वृद्धजनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया है। इस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्षता राकेश भाटिया , विशिष्ट अतिथि के.के. चतुर्वेदी , शिव प्रसाद हरिनखेडे, भुवनेश्वर शुक्ला एवं शैलेन्द्र कुमार सनोडिया की उपस्थिति में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ सम्मान समारोह के इस शुभ अवसर पर देवी जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिससे बुजुर्ग माताएं बहने सहित समिति के सदस्यों और नगर के गणमान नागरिक की उपस्थिति में देवी जागरण द्वारा शानदार प्रस्तुति कर झांकियां से मन गदगद हो उठा और सभी आए अगातुकों ने आनंद उठाया ज्ञात हो कि विगत 22 वर्षो से आयोजन समिति बुजुर्गो का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे है। आयोजक चंदन सिंह खाताबिया पार्षद ( सभापति ) किदवई वार्ड एवं श्री नागेश्वर दुर्गा उत्सव समिति ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक सभी लोग पहुंचे और आशीर्वाद दिया।

# सेवानिवृत होने पर अरुण भावसार का सम्मान कर दी विदाई



औबेदुल्लागंज संवाददाता .नगर परिषद औबेदुल्लागंज में लगभग 35 साल की सेवाएं देने के बाद अरुण भावसार कल सेवानिवृत हुए इस मौके पर पूरी नगर परिषद परिवार ने उनको सम्मान कर ढोल धमाकों के साथ में नगर परिषद कार्यालय से वार्ड क्रमांक 12 अर्जुन नगर निवास तक विदाई दी अरुण भावसार नगर परिषद में कई विभागो के प्रभारी रहे उनका सभी कर्मचारियों से अटूट प्रेम रहा नौकरी के साथ-साथ समाज सेवा में भी उनका विशेष योगदान रहा है अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष व वार्ड नंबर 12 के पार्षद सुनील सेरिया और उनकी टीम ने संस्था का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे मुख्य नगर परिषद अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा, लक्ष्मी बाई भावसार, किरण भावसार सनी अग्रवाल, चंद्रभान जैन, प्रमोद पांडे सत्यनारायण भावसार, मनोज भावसार, सुंदर रामानी, सुरेश केवट उपस्थित रहे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर तैयारियां तेज, भाजपा प्रत्याशी की उपस्थिति में हुई बैठक

रतलाम । विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 नवंबर को रतलाम आ रहे है। वे बंजली में सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा में रतलाम सहित 9 विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशी मौजूद रहेंगे। रतलाम में होने जा रही सभा की तैयारियों के संबंध में भाजपा प्रत्याशी एवं विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री की सभा को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में सभा के विभिन्न कार्यो हेतु पदाधिकारियों में कार्य विभाजन भी किया गया। इस दौरान प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर महाराजा भोज उद्यान में आयोजित हुए कार्यक्रम

धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित महाराजा भोज उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और मौजूद आमजनों द्वारा राष्ट्रगान भी गाया गया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान का आयोजन भी हुआ और मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया।

# मप्र गान के साथ मना स्थापना दिवस

नर्मदापुरम// मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जीनियस प्लेनेट स्कूल में बच्चों ने श्रृंखला बद्ध होकर मध्य प्रदेश का लघु रूप म. प्र. की आकृति बनाई द्य इस आकृति को बनाने के लिए स्कूल के विद्यार्थी अपनी हॉउस यूनिफार्म में आये द्य स्कूल के सभी चारो हॉउस सिल्वर, गोल्ड, प्लेटिनम और डायमंड हाउस के बच्चों ने म. प्र. की आकृति को बनाया द्य आज विशेष बात यह रही की इन विद्यार्थियों ने इसी आकृति में खड़े होकर स्कूल की पूरी असेंबली के साथ मध्य प्रदेश गान को गाया द्य इस आकृति को स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ल के गाइडेन्स में स्पोर्ट्स टीचर्स कृष्णा साहू एवं अन्य स्टाफ द्वारा पूरी निपुणता के साथ बनाया गया द्य स्कूल संचालक जाफ़र एवं मनीता सिद्दीकी ने सभी को म. प्र दिवस की बधाइयाँ देते हुए कहा की हम सभी यह शपथ लें कि हम अपने घर, मोहल्ला और स्कूल के आस पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे द्य यदि हर व्यक्ति इसका ध्यान रखेगा तो हम हमारा पूरा शहर स्वच्छ रख पाएंगे द्य ऐसा करने से पूरा प्रदेश और पूरा देश स्वच्छ रहा पायेगा द्य स्कूल प्राचार्य ने इस अवसर पर सभी की बधाइयाँ दी और धन्यवाद दिया की सभी टीचर्स और बच्चों ने मिलकर मध्य प्रदेश दिवस के इस त्यौहार को शानदार तरीके से मनाया द्य



## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने उपस्थितजनों को दिलाई मतदान की शपथ



सिवनी- प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह पुलिस ग्राउण्ड सिवनी में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर क्षितिज सिंघल द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं पुलिस प्लाटून दल द्वारा सलामी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, दक्षिण सामान्य वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सुदेश महिवाल, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित अन्य वरिष्ठ एवं जिला अधिकारियों, शिक्षकों तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थितजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को मतदान दिवस आगामी 17 नवम्बर को मतदान करने की अपील की गई।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर में स्कूल, कॉलेजों में आयोजित की गई निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत भी किया गया।

# मप्रा स्थापना दिवस समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

## छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश




औबेदुल्लागंज। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 01 नवम्बर 2023 को रायसेन स्थित पुलिस लाईन में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया। समारोह में शास. सीएम राईज स्कूल रायसेन तथा ब्राइट कैरियर स्कूल रायसेन के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे सहित एसपी श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। साथ ही सभी मतदाताओं से भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। तत्पश्चात मध्यप्रदेश गान के साथ समारोह का समापन हुआ। समारोह में अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और नागरिक उपस्थित रहे।

# विकास-जनकल्याणकारी योजनाओ के लिए नगर में भाजपा को मिल रहा जनसमर्थन

## हेमंत खण्डेलवाल ने वार्डो में किया जनसंपर्क, मतदाताओं ने दिया आशीर्वाद

बैतूल। केन्द्र और मध्यप्रदेश सरकार के विकास कार्य और सभी वर्गो के लिए लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाएं इस चुनाव में मतदाताओं के मन में गहरी पैठ बना चुकी है। यही वजह है कि विकास कार्यो और योजनाओं से लाभान्वित मतदाता खुशी-खुशी भाजपा के पक्ष में लामबंद नजर आ रहे है। जिसके चलते बैतूल विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी बनाए गए पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल के जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण इलाको सहित नगरीय क्षेत्रो में भारी जनसमर्थन मिल रहा है। बुधवार को बैतूल शहर के विवेकानंद वार्ड, शंकर वार्ड, विनोबा वार्ड, राजेन्द्र वार्ड, विकास वार्ड में किए गए जनसंपर्क के दौरान वार्डवासी श्री खण्डेलवाल द्वारा किए गए विकास कार्यो की सराहना करते हुए नजर आए। विकास कार्यो से खुश और उत्साहित वार्डवासियों ने श्री खण्डेलवाल को तिलक लगाकर, आरती उतारकर, पुष्पवर्षा कर और ढोल-ढमाको, आतिशबाजी के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बहुसंख्यक वार्डवासियों का साफ तौर पर कहना था कि हेमंत भैया द्वारा नगर में किए गए विकास कार्यो और नगरवासियो की समस्याओं के निराकरण में कोई कोर कसर नही छोड़ी है। इसलिए वे सभी हेमंत भैया को इस बार फिर विधायक के रूप में देखना चाहते है। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी श्री खण्डेलवाल सहित पार्षदों, स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं।

**मूलभूत सुविधाएं मिलने से वार्डवासियों का मिल रहा समर्थन**त्र शहर के विवेकानंद वार्ड में भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल द्वारा किए गए जनसंपर्क के दौरान वार्डवासी यह चर्चा करते नजर आए कि हेमंत भैया के प्रयासों से हुए विकास कार्यो के कारण वार्ड में बिजली,



पानी, सड़क, नाली, स्वच्छता जैसी अन्य मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। जिससे सभी खुश है। विवेकानंद वार्ड के यादव मासाब, गुलाब सूर्यवंशी, दशरथ साहू, गोपाल साहू, आनंदराव बारमासे, संतोष पंवार ने बताया कि हेमंत भैया ने वार्ड में स्वीमिंग पूल बनवाया है। जिससे वार्ड के बच्चे तो तैराकी सीख ही रहे है साथ ही शहर भर से लोग यहां तैराकी करने आते है जिससे चहल-पहल बनी रहती है। डिवाईडर एवं एलईडी लाइट वाली उत्कृष्ठ सड़क निर्माण से आवागमन आसान हो गया है। उनका कहना था कि वार्ड में जिम, सामुदायिक भवन, सड़के सहित अन्य विकास कार्य भी स्वीकृत करवाए है। विवेकानंद वार्ड की पार्वती साहू, वागद्रे आई, मुन्नी बाई, अंजनी बेले, रिंकी लोखण्डे, मालती देशमुख ने बताया कि माचना घाट के नाले पर पुलिया नही होने से धार्मिक कार्यक्रमों के लिए नाला पार कर जाना पड़ता था, परन्तु हेमंत भैया के प्रयासो से नाले पर पुलिया निर्माण होने के बाद शंकर वार्ड के निवासी सड़के बनने से काफी खुश है। शंकर वार्ड निवासी गणेश साहू, मनोज साबले, कविता मालवीय, संगीता चढोकार, दीपक उघडे ने बताया कि वार्ड में पहले कच्ची सड़के थी जिससे बारिश में बहुत परेशानी हुआ करती थी। हेमंत भैया जब विधायक थे तब उन्हें सड़को की समस्या बताई थी।

# इस बार एक नहीं तीन दीवाली मनाएंगे: पटेल




बैरसिया। आपके आशीर्वाद से हम इस बार तीन दीवाली मनाएंगे। 12 नवम्बर की दीवाली पर अपने घर कमल का फूल लाना, 17 नवंबर को कमल के फूल का बटन दबाना और 3 दिसम्बर को तो आपके आशीर्वाद से विष्णु खत्री की जीत और मप्र में भाजपा की सरकार बनने पर अपने आप दीवाली मन जाएगी। इसके बाद 22 जनवरी को रामलला के विराजने की दीवाली मनाएंगे। यह बात केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में गुनगा में आयोजित जनसभा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कांग्रेस के राहुल बाबा कहते थे कि भाजपा सरकार मंदिर वही बनाएगी पर तारीख नहीं बताएगी। अब राहुल बाबा मंदिर में रामलला के विराजने की तारीख तय हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हम लोकसभा में बहुमत थे, लेकिन राज्यसभा में बहुमत नहीं था। इसके बाद आपके आशीर्वाद से 2019 में जैसे ही हम राज्यसभा में बहुमत में आये तो हमने सबसे पहले धारा 370 हटाई। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजिन की सरकार ने मप्र में जो विकास किया है। वह किसी से छुपा नहीं है। आज महिला सशक्तिकरण की हमने मिशाल कायम की है। उन्होंने कहा कि विष्णु खत्री की कार्यशैली को मैं बहुत पहले से जानता हूँ। ये बहुत ही मेहनती और जुझारू नेता है। सभा मे भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कहा कि हमने गुनगा क्षेत्र में बहुत विकास किया है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक सामुदायिक भवन बनवाये है। इसके अलावा गुनगा में स्टेडियम भी बनने जा रहा है। ऐसे अनेक काम हमने किये है। उन्होंने कहा मित्रों मैं क्षेत्र की विकास की रफ्तार को निरंतर रखने के लिए आपसे आशीर्वाद लेने आया हूँ

## कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान पकड़ रहा रफ्तार जगह जगह हो रहा स्वागत

बैरसिया। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है वैसे ही सभी प्रत्याशी अपना जनसंपर्क गांव गांव में कर रहे हैं कांग्रेस की उम्मीदवार जय श्री हरि करण अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही है जनसंपर्क के दौरान लोगों के घर घर तक पहुंच कर उनसे मिल रही है गांव-गांव में ग्रामीणों के द्वारा हार फूलों से उनके स्वागत किया जा रहा है जय श्री हरीकरण ने बुधवार को बैरसिया क्षेत्र के ग्राम इमला टांडा सोनकच्छ तरावली हिरनखेड़ी करौली कचनारिया में जनसंपर्क करने पहुंची थी जहां पर ग्रामीणो से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर आगामी चुनाव में जीत कर आने पर सभी समस्याओं को दूर करने का वादा कर रही है उनसे बोट के रूप में आशीर्वाद मांग रही है ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को मिल रहे भारी समर्थन से इस बार के चुनाव में काफी उलट फेर की संभावना प्रबल दिखाई दे रही है

# दलसागर पर नवेंदु मिश्र की याचिका पर एनजीटी ने गठित की कमेटी

सिवनी- दल सागर तालाब में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे फुटओवर ब्रिज निर्माण पर अधिवक्ता नवेंदु मिश्रा द्वारा लगाई गई याचिका पर एनजीटी भोपाल कोर्ट द्वारा जिला कलेक्टर एवं मध्य प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की एक कमेटी का गठन कर स्टेटस रिपोर्ट 6 सप्ताह में प्रस्तुत किए जाने हेतु आदेश दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता नवेंदु मिश्रा द्वारा दलसागर में हो रहे फुटओवर ब्रिज निर्माण के दौरान दलसागर तालाब को खाली किए जाने एवं दलसागर तालाब की आर्द्र भूमि और टापू के पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के कारण एनजीटी भोपाल में याचिका नगर पालिका के विरुद्ध लगाई गई। जिस पर दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को एनजीटी द्वारा यह आदेश पारित किया गया। पिछले लगभग 6 माह से नगर पालिका द्वारा दल सागर तालाब में फुटओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है, निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा दल सागर तालाब की आर्द्र भूमि पर सड़क निर्माण किया गया एवं स्थाई निर्माण कराया जा रहा है, साथ में कई पेड़ काटे गए हैं। जो दलसागर को अपूरणीय पर्यावरणीय क्षति पहुंचा रहे हैं। भूमिगत जल स्त्रोत के रूप में दलसागर भूमिगत जल के संग्रहण में एक अहम भूमिका निभाता है जिससे शहर का अधिकाश भाग लाभान्वित होता है। फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा बेतरतीब तरीके से पूरा का पूरा दलसागर तालाब सुखा दिया गया। टापू में निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों का उपयोग किया गया जिससे टापू जैसी छोटी मिट्टी की इकाई को काफी क्षति पहुंची है। इन सभी को दृष्टिगत रखते हुए नवेंदु मिश्रा द्वारा नगर पालिका के विरुद्ध यह याचिका लगाई गई। याचिका में दलसागर तालाब में हो रहे फुटओवर ब्रिज निर्माण को आर्द्र भूमि नियम 2017 का उल्लंघन बताया गया है। जिसके अंतर्गत किसी भी रजिस्टर्ड आर्द्र भूमि पर किसी भी प्रकार का स्थाई निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता इस याचिका का मुख्य आधार बनाया गया है। याचिका में यह भी बताया गया है की दल सागर 2019 से आर्द्र भूमि के रूप में राज्य आर्द्र भूमि अधिकरण में 1202 नंबर पर रजिस्टर्ड है। जिसके अंतर्गत यह आर्द्र भूमि नियम 2017 के अंतर्गत आता है। अब देखना यह है कि जिला कलेक्टर एवं मध्य प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की कमेटी अपनी रिपोर्ट में इस निर्माण कार्य पर एनजीटी के समक्ष किस प्रकार की रिपोर्ट प्रस्तुत करते है।

# जिले में अवैध शराब व्यवसायियों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी

धार,। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा के आदेश पर विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर निरंतर कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में जिले के 9 वृत्त क्षेत्रों में मंगलवार को अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन के कुल 37 प्रकरण, मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध किये गये है। जिनमें 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजीबद्ध प्रकरणों में कुल 12.24 बल्क लीटर देशी मदिरा, 7.92 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिंट, 6.90 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर, 35 लीटर अवैध ताडी एवं हाथ भट्टी शराब बनाने के लिये संग्रहित किया हुआ कुल 12830 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 920 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की गई है। जप्त की गई मदिरा एवं महुआ लाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 14 लाख एक हजार 672 रूपये है। यह कार्यवाही विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत लगातार जारी रहेंगी।

# भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है, इसलिये भाजपा को चुनें: ललिता यादव

## ग्राम बूढा, पडरिया, नैगुवां और दालौन में ग्रामीणों से जनसंपर्क करके समर्थन मांगा

छतरपुर। गांवों में सतत विकास हो, हर जरूरतमंद को मदद मिलती रहे इसलिये भाजपा का कमल खिलाने का संदेश देते हुए भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि आजादी के बाद से कई सालों तक सत्ता पर काबिज रहकर कांग्रेस सरकार जो नहीं कर सकी, वो भाजपा ने कुछ ही सालों में कर दिखाया है।



उन्होंने ग्राम बूढा, पडरिया, नैगुवां और दालौन में ग्रामीणों के बीच जाकर जनसंपर्क करते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग की जरूरतों का पूरा ध्यान रखा और तेजी से विकास अभियान चलाकर ये साबित कर दिया है कि भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। इसलिये इस बार भी भाजपा को कमल को ही चुनना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार द्वारा जनहित और विकास के लिए संचालित योजनओं का आम आदमी पर असर कितना असर है ये इन दिनों गांवों में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों के भाजपा से जुडाव रखने वाले ग्रामीणों के उत्साह से पता चल रहा है। जनसंपर्क के समय श्रीमती ललिता यादव ने ग्राम बूढ़ा पहुंचकर क्षेत्र में अपने परिवार के सदस्यों की तरह ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। ग्रामीणों ने उनका उत्साह से स्वागत करके बेवाकी से अपने सुख-दुख की बातें कीं। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं और जन हितैषी कार्यो के संबंध में अपनी बात रखी और एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए कमल के निशान पर वोट देने की अपील की। गांव के लोगों ने भी उन्हें भरपूर स्नेह देकर भाजपा को जिताने का आशीर्वाद दिया है। इसी तरह ग्राम पडरिया में उन्होंने भाजपा की जनहितकारी योजनाओं से लोगों को मिलने वाले लाभों के बारे में चर्चा की और सभी से एक बार फिर से भाजपा का कमल खिलाने का आग्रह भी किया। जन समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा यह चुनाव आपका चुनाव है। भ्रष्टाचार, आतंक, अभिमान से आपको लडकर जीतना है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण महेश्वर काले भी उनके साथ वोट मांगने साथ-साथ चल रहे थे। ग्राम पडरिया के लोगों ने भाजपा का भरपूर समर्थन करने और छतरपुर से भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आश्वासन दिया है।

### नैगुवां में बुजुर्गों और लाडली बहनों ने दिया आर्शीवाद

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नैगुवां में जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने मंदिर जाकर भगवान श्रीराम-लक्ष्मण और जानकी माता के दर्शन किये और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गांव में जनमिलन कार्यक्रम शुरु हुआ। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के बीच उनकी आगवानी की, विजय तिलक सहित आत्मीय तरीके से उनका स्वागत किया। गांव की बुजुर्ग माताओं ने उन्हें भरपूर आर्शीवाद दिया और लाड़ली बहनों ने गले लगाकर उन्हें जीत का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा की विकासवादी नीतियों और योजनाओं से गांव के लोगों को लाभ मिल रहा है। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में भाजपा को जिताने का आशीर्वाद भी दिया।

### दालौन गांव में सभी ने ली भाजपा को जिताने की शपथ

दालौन गांव में जनमिलन कार्यक्रम पहुंची भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव का ग्रामीणों ने भाजपा के पक्ष में जमकर नारे लगाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने उन्हे विश्वास दिलाया कि गांव के सभी लोग भाजपा के साथ हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में कमल निशान देखकर एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने की चाहत रखते हैं। दालौन गांव में सभी लोगों ने ली भाजपा को जिताने की शपथ। श्रीमती ललिता यादव ने ग्रामीणों से कहा कि पहले भी दो बार आप सभी ने मुझे चुनकर भोपाल भेज था। तब मैंने गांवों के विकास मे कोई कसर नहीं छोडी है, अबकी बार फिर से आप अपनी इस सेविका को चुनें मैं वचन देती हूं की निष्ठापूर्वक आपकी सेवा करूंगी।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 1903/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 20/10/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी सेक्टर–ए, योजना में स्थित भूखण्ड क्रं. 72, श्री महादेव राव पवार आ. श्री लहरी पवार के नाम पर आवंटित है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री एम.आर. पवार आ. श्री लहरी पवार एवं श्रीमती शांता पवार पत्नि श्री एम.आर. पवार के संयुक्त नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटी में से श्रीमती शांता पवार का स्वर्गवास दि. 22/05/2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसगण क्रमशः 1–श्री एम. आर. पवार आ. श्री लहरी महाजन पवार 2–श्रीमती सरीता बारंगे 3–श्रीमती अनीता पवार 4–श्रीमती नीता पवार 5–श्रीमती नीलम पवार 6–श्री चन्दन पवार पत्नि/पुत्र/पुत्री श्री एम.आर. पवार के द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड क्र.–72, सेक्टर–ए, का नामांतरण अपने नाम पर कराना चाहते है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**

# कीमतों में नरमी से भारतीयों ने तीन माह में खरीदा 210 टन सोना, त्योहारी मांग से 10 फीसदी बढ़ी मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीमतों में नरमी और त्योहारी मांग की वजह से भारतीयों ने इस साल की तीसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर में 210.2 टन सोना खरीदा। यह एक साल पहले की समान तिमाही में खरीदे गए 191.7 टन सोने की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि 2023 की तीसरी तिमाही में भारत ने 220 टन सोने का आयात किया। यह आंकड़ा जुलाई-सितंबर, 2022 में आयात किए गए 184.5 टन सोने से 19.24 फीसदी अधिक है। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पीआर ने कहा, दुनिया में सोने के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता भारत में सितंबर तिमाही में पीली धातु की कीमतों में नरमी आई। इससे लोगों में सोने के प्रति आकर्षण बढ़ा।

**सोने की छड़-सिक्कों में निवेश 8 साल के शीर्ष पर-** रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की तीसरी तिमाही में सोने के आभूषणों की मांग सात फीसदी बढ़कर 155.7 टन पहुंच गई। 2022 की समान तिमाही में भारतीयों ने 146.2 टन आभूषण खरीदे थे। इस अवधि में सोने की छड़ और सिक्के की मांग 20 फीसदी बढ़कर 45.4 टन से 54.5 टन पहुंच गई। खास बात



यह है कि तीसरी तिमाही के दौरान सोने की छड़ और सिक्कों में निवेश 2015 के बाद आठ साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

**कीमतों में तेजी का धनतेरस की खरीदारी पर दिखेगा असर-** सोमसुंदरम ने कहा, पिछली तिमाही में सोने की कीमतों में नरमी के बाद अब इसमें तेजी आनी शुरू हो गई है। कीमतों में उछाल का धनतेरस और शादियों के सीजन में सोने की खरीदारी पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, चौथी तिमाही में सोने की मांग तीसरी तिमाही के समान ही रहने की उम्मीद है। अगर कीमतों में और बढ़ोतरी नहीं हुई तो मांग थोड़ी बेहतर होगी।

**वैश्विक स्तर पर 6 प्रतिशत घटी मांग-** वैश्विक स्तर पर सोने की मांग 2023 की तीसरी तिमाही में छह फीसदी घटकर 1,147.5 टन रह गई। केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने की छड़ों और सिक्कों की मांग में नरमी से यह गिरावट आई है।

**2023 में कम रहेगी बिक्री पर आयात में होगा इजाफा-** 2023 के पहले नौ महीनों में सोने की मांग 481.2 टन रही। इस पूरे साल मांग 700-750 टन रह सकती है, जो 2022 के 774 टन से मामूली कम है। हालांकि, इस साल सोने का आयात 2022 के 650.7 टन से अधिक रहने की उम्मीद है। इस साल के पहले नौ महीने में भारत ने 563 टन सोने का आयात किया है। दुनिया में सोने के सबसे बड़े उपभोक्ता देश चीन में सोने की मांग जुलाई-सितंबर अवधि में एक साल पहले के 242.7 टन से मामूली बढ़कर 247 टन पहुंच गई। पाकिस्तान में इस दौरान मांग 11 फीसदी घटकर 11.6 टन रह गई।

## शोभना बंदोपाध्याय ने संभाला पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबन्धक का कार्यभार



जबलपुर। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स (आईआरएसएसई) वर्ष -1987 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी शोभना बंदोपाध्याय ने पश्चिम मध्य रेलवे में 1 नवम्बर 2023 को महाप्रबन्धक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शोभना बंदोपाध्याय पश्चिम मध्य रेलवे में महाप्रबन्धक जैसे महत्वपूर्ण पद का कार्यभार ग्रहण करने वाली पहली महिला रेल अधिकारी हैं।

महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रिन्सिपल एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर (विजिलेंस) के पद पर कार्यरत थीं। दीर्घ अनुभवों की धनी शोभना बंदोपाध्याय ने मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और उत्तर रेलवे के विभिन्न मण्डलों के साथ-साथ उत्तर रेलवे के मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। शोभना बंदोपाध्याय के लिए पश्चिम मध्य रेलवे भी नया नहीं है, वे पहले भी पमरे में संकेत एवं दूरसंचार विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रही हैं।

शोभना बंदोपाध्याय भारतीय रेलवे की ऐसी विशिष्ट महिला इंजीनियर्स में से एक हैं जिन्हें रेलवे परिचालन प्रबन्धन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजना प्रबंधन में समृद्ध अनुभव प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढाँचे के विकास, आईटी, सिग्नल एवं टेलीकॉम सम्पत्तियों के आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और ग्राहक सेवा, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है। रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया और सम्मानित भी किया गया है। नागपुर में मण्डल रेल प्रबन्धक के तौर पर कार्यरत रहते हुए उन्हें सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में बेस्ट लीडरशीप एंड परफार्मेन्स एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

## शक्ति पंप्स को सातवां पेटेंट वेस्ट वाटर पम्प के लिए मिला

**पीथमपुर, एजेंसी।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को वेस्ट वाटर पंप्स में ''एडजस्टेबल इम्पेलर के साथ ग्राइंडर पंप असेंबली'' का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस् का सातवां पेटेंट है। इस इनोवेशन के विभिन्न लाभ हैं। इसमें एडजेस्टेबल इम्पेलर के साथ कटर अरेंजमेन्ट का उपयोग किया गया है। जिससे ठोस मटेरियल का आकार छोटा किया जाएगा, ताकि आगे की प्रोसेस सरलता से हो पाए। अपशिष्ट जल में ठोस पदार्थ को काटने और पीसने से, यह तकनीक छोटे कणों का उत्पादन करती है जो कणों को तली में एकत्र करता है एवं जैविक उपचार, फिल्टरेशन और ट्रांसपोर्टेशन जैसी डाउनस्ट्रीम प्रक्रियाओं को सरल बनाता है। इससे अपशिष्ट जल उपचार और औद्योगिक प्रक्रियाओं की क्षमता में काफी सुधार होगा। शक्ति पंप्स के चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने नई पेटेंट टेक्नोलॉजी के बारे में कहा कि ''मुख्य रूप से ठोस अपशिष्ट के कारण अपशिष्ट जल लाइनों में रुकावटों का सामना करना पड़ता है। ये रुकावटें सामान्य परिचालन को कठिन बनाती हैं और इसके परिणामस्वरूप रखरखाव में भारी लागत आ सकती है।

## एलजी ने नवीनतम एक्सबूम सीरीज के साथ नेक्स्ट-लेवल ऑडियो एक्सपीरियंस लॉन्च किया!

**भोपाल।** भारत में प्रमुख उपभोक्ता टिकाऊ ब्रांडों में से एक, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपनी नवीनतम एलजी एक्सबूम सीरीज के लॉन्च की घोषणा की। स्पीकर का उद्देश्य सुविधा को पहल देकर, शक्तिशाली साउंड और खूबसूरत लाइटिंग इफेक्ट्स के साथ लोगों के म्यूजिक और ऑडियो का आनंद लेने के तरीके को बदलना है। पार्टियों के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्टनर एलजी एक्सबूम एक जीवंत माहौल बनाने के लिए शानदार साउंड गुणवत्ता को लाइटिंग इफेक्ट्स के साथ मिलाता है। एक्सबूम सीरीज में एक्ससल 7एस और एक्ससल 5एस मॉडल हैं, जो संगीत प्रेमियों और जश्न मनाने के शौकीन लोगों के लिए बेजोड़ सुविधाएँ प्रदान करते हैं। आउटडोर घूमने फिरने के शौकीन लोगों और यात्रियों के लिए, एक्सबूम सीरीज उन्हें यात्रा में एक गहन संगीत अनुभव और खूबसूरत लाइटिंग इफेक्ट्स सुनिश्चित करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर - होम एंटरटेनमेंट, श्री हाक ह्यून किम ने कहा, हमें एलजी एक्सबूम सीरीज़ पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो ऑडियो तकनीक में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है।

## हीरो मोटोकॉर्प ने भारत में अपनी पहली अत्याधुनिक प्रीमियम डीलरशिप का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आज केरल के शहर कालीकट में अपनी पहली प्रीमियम डीलरशिप हीरो प्रीमिया का उद्घाटन किया। इस डीलरशिप की मदद से ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव देने के नए युग की शुरुआत होगी। कालीकट के ऑटो हब में स्थित, हीरो प्रीमिया अपने समझदार ग्राहकों को बिक्री और सर्विस का शानदार प्रीमियम अनुभव प्रदान करेगी। सभी आगंतुकों को एक नया ऑटोमोटिव अनुभव देते हुए, हीरो प्रीमिया में आधुनिक वास्तुकला, आकर्षक डिजाइन और नए जमाने की आकर्षक डिजिटल तकनीकें मौजूद हैं। पेशेवर रूप से प्रशिक्षित बिक्री सलाहकारों की एक टीम स्वामित्व का बेहतरीन प्रीमियम अनुभव प्रदान करते हुए ग्राहकों को उनकी मोबिलिटी से जुड़ी जरूरतों के मुताबिक व्यक्तिगत बिक्री सुझाव देगी।हीरो प्रीमिया हीरो मोटोकॉर्प के प्रीमियम उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित करेगा, जिसमें नई लॉन्च की गई फ्लैगशिप मोटरसाइकिल करिज़्मा एक्सएमआर भी शामिल है। शहरी यात्रियों के लिए एक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करते हुए, हीरो प्रीमिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करते हुए वीडा वी1 स्कूटर भी प्रदर्शित करेगा। ग्राहक हीरो मोटोकॉर्प की पहली को-डेवलप्ड मोटरसाइकिल हार्ले-डेविडसन एक्स440 का अनुभव भी कर सकते हैं।इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए हीरो मोटोकॉर्प की भारत बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफीसर रंजीवजीत सिंह ने कहा, भारत में अपनी पहली प्रीमियम डीलरशिप के शुभारंभ के साथ हम न केवल अपनी अलग-अलग मोटरसाइकिलों और स्कूटरों के मॉडल्स का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि हम आवागमन के साधनों के भविष्य का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो प्रीमियम, नवीन और स्थायी है।

## फेस्टिव सीजन में मिलेगा खालिस दूध, खोया और पनीर! सरकार ने 4,000 अधिकारियों को मोर्चे पर लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने दूध और दूध उत्पादों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। देश में फेस्टिव सीजन चल रहा है और इस दौरान मिठाईयों की मांग भी बढ़ जाती है। स्नस्स्ढ्ढ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि दूध, दूध उत्पादों और मिठाइयों पर निगरानी रखी जाए। ज्यादा से ज्यादा सैंपल लेकर जांच करवाई जाए और मिलावट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अलग-अलग जिलों में दूध, खोया, पनीर के सैंपल लिए जा रहे हैं और जांच हो रही है। स्नस्स्ढ्ढ ने देश भर में अपने करीब चार हजार राज्य स्तरीय अधिकारियों को कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।



फेस्टिव सीजन में मिठाईयों की मांग बढ़ जाती है। भारत में दूध में मिलावट के काफी मामले सामने आते हैं और ज्यादातर मिठाइयां दूध के उत्पादों से ही बनाई जाती हैं। स्नस्स्ढ्ढ के सीईओ जी. कमला वर्धन राव ने कहा कि देश में फेस्टिव सीजन चल रहा है और इस मौके पर मिठाईयों की खपत बढ़ जाती है। राज्यों को कहा गया है कि वहां पर अधिकारी कड़ी निगरानी करें और मिलावट की जांच के अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दुकानों का निरीक्षण करने और गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने एकत्र करने के लिए कहा गया है। जांच में सैंपल फेल पाए जाते हैं तो कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**कितने नमूने लिए जाएंगे-** इस बीच एफएसएसएआई ने इस साल निगरानी नमूनों की संख्या बढ़ाकर एक लाख कर दी है और अगले साल यह बढ़कर सात लाख हो जाएगी। दूध और दूध उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा संयुक्त रूप से एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जा रहा है।

## सरकार ला रही अब भारत आटा, बाजार में सबसे सस्ता होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल गेहूं का दाम शुरू से ही कुछ ज्यादा रहा है। जब गेहूं के फसल की कटाई हुई थी, तभी खुले बाजार में अनब्रांडेड आटा 30 रुपये किलो बिक रहा था। इस समय तो इस आटे का रेट 35 रुपये किलो पर चला गया है। ब्रांडेड आटा की बात करें तो यह 40-50 रुपये किलो बिक रहा है। एमपी गेहूं के आटे का तो भाव ही मत पूछिए। लोगों को आटे की महंगाई से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार सस्ता आटा बेचने वाली है। इस बारे में हाइयर लेवल पर फैसला हो चुका है। सस्ते आटे की बिक्री की शुरुआत इसी महीने सात तारीख से हो सकती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकारी आटे की बिक्री भारत ब्रांड के तहत होगी। इसका रेट 27.50 रुपये प्रति किलो हो सकता है। हालांकि इस बारे में अभी कुछ और मंथन होना है। बताया जाता है कि इसके लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ को नोडल एजेंसी बनाया जा सकता है।

## मित्सु केम प्लास्ट ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 76 करोड का टर्नओवर हासिल किया

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लो मोल्डिंग, इंजेक्शन और कस्टमाइज मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता, मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) (बीएसई = 540078) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन, श्री जगदीश देढिया ने कहा, भारत के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स और केमिकल्स क्षेत्र की जोरदार मांग प्लास्टिक पैकेजिंग उद्योग को आगे बढ़ने के लिए सुसज्ज है. सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी के साथ हमारे कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस निसंदेह रूप से बाजार में हमारी अग्रणी स्थिति सुनिश्चित करेंगे.

इस बढ़ती मांग के संदर्भ में हम सक्रिय रूप से पात्र इक्विटी शेयरधारकों को टारगेट करते हुए एक राइट्स इश्यू के मार्फत लगभग 45 करोड एकत्र करने की संभावनाओं की छानबीन कर रहे हैं. निश्चित रूप से इसके लिए नियामकों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त करना प्रासंगिक है, जो हमें बढ़ती मांग का दोहन करने में समर्थ बनाएगा.

इसके अतिरिक्त हम टिकाऊपन, ऊर्जा संरक्षण, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाने और हमारी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं के अंदर सक्षम मशीनरी स्थापित करने सहित विभिन्न हरित पहल को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता पर दृढ़ बने हुए हैं. इसके साथ-साथ हम हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को बढ़ाने और प्लास्टिक पैकेजिंग के पसंदीदा पार्टनर के रूप में स्वयं को स्थापित करने के लिए नए प्रोडक्ट लॉन्च और वैल्यूऐडेड आफरिंग में व्यूहात्मक निवेश कर रहे हैं. इन व्यूहनीतियों को अपना कर और खर्चों पर सख्त निमंत्रण करके हमें वर्ष के बाकी बचे हुए समय में जोरदार वृद्धि हासिल करने की हमारी क्षमता पर विश्वास है.

## फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शानदार फाइनेंशियल रिजल्ट घोषित किए

### रेवेन्यू में सालाना दर पर 98 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

**मुंबई, एजेंसी।** जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसई= 540614), जो कि इंफ्रास्ट्रक्चरल और स्ट्रक्चरल स्टील तथा इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री में अग्रणी है, द्वारा 30 अक्टूबर, 2023 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंज़ूरी दे दी है।

30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए,ऑपरेशनल रेवेन्यू 98.39 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 3691.74 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 7324.12 लाख रुपये पहुंचा। वहीं एबिटा 139.67 प्रतिशत बढ़ा, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 52.81 लाख रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 126.57 लाख रुपये पहुंचा। एबिटा मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 1.44 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 29 बीपीएस बढ़कर 1.73 प्रतिशत हो गया। प्रॉफिट आफ्टर टैक्स अर्थात शुद्ध लाभ 52.98 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 49.23 लाख रुपये से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 75.31 लाख रुपये हुआ।

30 सितंबर 2023 को समाप्त छमाही के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्यू 106.23 प्रतिशत बढ़ गया,जो फाइनेंशियल ईयर 23 की पहली छमाही में 4470.09 लाख रुपये से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की पहली छमाही में 9218.79 लाख रुपये हुआ।

## भारत में कौशल की कमी दूर करने के लिए 16.2 मिलियन कर्मचारियों को एआई और ऑटोमेशन में अपस्किल एवं रिस्किल करने की ज़रूरत

### सर्विसनाऊ के नए शोध में पता चला है कि अगले 5 साल में मध्य प्रदेश में 2,08,800 गैर-तकनीकी नौकरियां एआई और ऑटोमेशन के द्वारा बदल जाएंगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में एआई और ऑटोमेशन के लिए 16.2 मिलियन कर्मचारियों को रिस्किल और अपस्किल करने की ज़रूरत होगी और इससे 4.7 मिलियन नई तकनीकी नौकरियों का सृजन भी होगा। सर्विसनाऊ और पियर्सन ने आज अपने नए शोध के आधार पर यह घोषणा की। सर्विसनाऊ द्वारा कमीशंड और पियर्सन द्वारा संचालित इस शोध का उद्देश्य मशीन लर्निंग का प्रयोग करके यह अनुमान लगाना था कि टेक्नोलॉजी किस प्रकार प्रत्येक नौकरी के कार्यों को बदल देगी। शोध में भारतीय कर्मचारियों के लिए अपने कॅरियर को नया आकार देने और भविष्य के लिए इसे सुरक्षित बनाने के लिए अभूतपूर्व संभावना प्रस्तुत की गई है।

भारत में उन नौकरियों की पदस्थापना में, जिनमें सर्विसनाऊ प्लैटफॉर्म तकनीकी कौशल की ज़रूरत है, पिछले साल 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लाइटकास्ट के श्रम बाज़ार के आँकड़ों के अनुसार यह पूरे विश्व में सबसे तेज वृद्धि दर है जहाँ पूरे विश्व के किसी भी शहर की अपेक्षा बैंगलोर में टैलेंट के लिए सबसे ज्यादा माँग देखी गई।

भारत का डिजिटल स्किल इकोसिस्टम भी इसके साथ वृद्धि करने को तैयार है। सर्विसनाऊ के शोध से पता चला है कि तकनीकी कौशल की कमी दूर करने के लिए ऐप निर्माता (75,000),

### मध्य प्रदेश में पुलिस सेवा उद्योग में 1,71,900 प्रोफेशनल्स को अगले 5 सालों में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को अपस्किल करने की जरूरत होगी

डेटा एनालिस्ट (70,000), प्लैटफॉर्म ओनर (65,000), प्रोडक्ट ओनर (65,000) और कार्यान्वयन इंजीनियर (55,000) की ज़रूरत होगी। जैसे-जैसे भारत का तकनीक से भरपूर दशक (टेकेड) आगे बढ़ रहा है, कंपनियाँ एआई द्वारा होने वाले आर्थिक मूल्य और समावेशी विकास पर अधिकार करने के लिए पूरे जोर-शोर से काम कर रही हैं। सर्विसनाऊ अपनी वैश्विक स्किलिंग पहल 'राइज़अप विद सर्विसनाऊ' के माध्यम से कर्मचारियों को सर्विसनाऊ प्लैटफॉर्म का प्रयोग करके एक भूमिका ग्रहण करने के लिए ज़रूरी कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाकर टैलेंट को टेक्नोलॉजी से जोड़ रहा है। सर्विसनाऊ के बढ़ते इकोसिस्टम में हज़ारों स्थानीय और वैश्विक पद प्रस्तावित किये जा रहे हैं।

सर्विसनाऊ के भारतीय उपमहाद्वीप के लिए वाइस प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक, कमोलिका गुप्ता पेरेस ने कहा कि, भारत के निर्णय-निर्माता और उद्योग के दिग्गज एआई की शक्ति को समझते हैं। हम व्यवसाय में सार्थक बदलाव के लिए एआई की प्रयोग की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां प्रदर्शित करने के लिए पूरे देश में हर एक उद्योग के साथ काम कर रहे हैं। हम इन बदलावों से लोगों के लिए सार्थक, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित कॅरियर प्राप्त करने के साथ-साथ बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दे रहे हैं। सर्विसनाऊ द्वारा किये गए शोध में भारत के वर्कफोर्स की वर्तमान यथास्थिति, विभिन्न उद्योगों में एआई और ऑटोमेशन के प्रभाव और विभिन्न हितधारक माँग-आपूर्ति का अंतर कम करने के लिए किस प्रकार कर्मचारियों को प्रासंगिक डिजिटल कौशल से लैस कर सकते हैं।

## फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार, के साथ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला

भोपाल= क्राइम ब्रांच भोपाल ने फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने वाला मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी श्री तिरूपति कंस्ट्रक्शन के प्रोपराईटर के मालिक द्वारा फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करता था।

बताया गया है कि इस कंपनी के मालिक द्वारा बैंक गारंटी का कूटकरण कर असल के रूप में उपयोग कर ह्क्चस्ष्ट के साथ 10.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपी बैंक गारंटी के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। आरोपी करीब दो साल से फरार चल रहा था। पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल श्री अनुराग शर्मा द्वारा आरोपियों की धरपकड़ पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अति पुलिस उपायुक्त अपराध श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, सहायक पुलिस आयुक्त श्री सुजीत तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना क्राइम ब्रांच अशोक मरावी व उनकी टीम द्वारा 420 के अपराध में फरार चल रहे फरार आरोपी को पकडने मे सफलता प्राप्त की है।

क्राइम ब्रांच की टीम को आवेदक एम ए मंसूरी जोनल मैनेजर एनपीसीसी क्षेत्रीय कार्यालय बी 29 राजदीप रायल महाकाली सोसायटी त्रिलंगा शाहपुरा भोपाल व्दारा प्रस्तुत शिकायत प्राप्त हुई। आवेदक व्दारा श्री तिरूपति के प्रोपराईटर नितिन सुभाष शर्मा व्दारा फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत कर धोखाधड़ी करने के संबंध में दिया गया आवेदन में संलग्न दस्तावेजो के अवलोकन पर ह्क्चस्ष्ट एवं श्री तिरूपति कंस्ट्रक्शन के मध्य 14.09.2018 को आईटीआई जबलपुर, आईटीआई रीवा, आईटीआई शहडोल के निर्माण का कार्य 113.4 करोड़ रुपये में करने का अनुबंध हुआ था। अनुबंध के अनुसार श्री तिरूपति को उक्त राशी का 5 प्रतिशत परफार्मेन्स बैंक गारंटी के रूप में ह्क्चस्ष्ट को देना था जो माध्यम से दिया था जिनकी वैध्यता समाप्त होने पर श्री तिरूपति 1. बैंक गारंटी नंबर यूको / गोंडेग /राशि 1,86,78,270.00 रु, 2. बैंक गारंटी नंबर यूको/गोंडेग/राशि 1, 32, 40, 366.00. रु, 3. बैंक गारंटी नंबर यूको/ गोंडेग/ राशि 1,28,27,439.00. रु यूको बैंक के उपरोक्त सभी बीजी को दिनांक 04.05.2021 नई बैंक गारंटी दी गई थी। उपरोक्त सभी बैंक गारंटियों को एनपीसीसी व्दारा चेक कराये जाने पर संबंधित बैंकों द्वारा उल्लेखित बैंक गैरन्टियां बैंको से जारी नहीं होना लेख किया है एवं बैकं गारंटियाँ फर्जी होना लेख किया है।

इस प्रकार श्री तिरूपति कंस्ट्रक्शन के मालिक नितिन सुभाष शर्मा द्वारा बैंक गारंटी का कूटकरण कर असल के रूप में उपयोग कर एनपीसीसी के साथ 10.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी किया जाना पाया गया जो प्रथम दृष्टया अपराध धारा 420, 467, 468, 471, भादवि. के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना फरार आरोपी को तकनीकी आधार पर आरोपी सुभाष नितिन शर्मा की तलाश में नागपुर पहुँचकर जो शहर नागपुर के सोमरवाड़ा इलाके के पास मिला जिसे उसके अपराध की जानकारी देकर गिरफ्तार किया गया जिसे जेआर तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो वर्तमान में केन्द्रीय जेल भोपाल में परिरूध्द है।

गिरफ्तार आरोपी की जानकारी-

आरोपी का नाम, पता, योग्यता व्यवसाय आपराधिक रिकार्ड

1 नितिन सुभाष शर्मा पिता स्व.सुभाष शर्मा उम्र-43 साल नि.फ्लेट न.1203 केपीटल हाइट्स मेडिकल स्टोर नागपुर बी कॉम ठेकेदारी अप. क्र. 169/21 धारा 420, 467, 468, 471 थाना क्राइम ब्रांच

थाना प्रभारी अशोक मरावी, निरी.सुशील मेहर, उनि.सुरज रंधावा, आर.त्रषिकेश त्यागी, आर. सलमान, आर, शिवप्रताप, म.आर.मनीषा राठौर।

## चुनाव लड़ने अमेरिका से गांव लौटा प्रखर प्रताप! गांव की सेवा के लिए छोड़ी एक करोड़ रुपए सालाना की नौकरी

रीवा जिले का प्रखर प्रताप अमेरिका से चुनाव लड़ने के लिए अपने गांव लौट आया। गांव आकर उसने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की उम्मीदवारी पेश की। पेशे से आर्किटेक्ट प्रखर प्रताप सिंह अमेरिका में एक करोड़ों रुपए के पैकेज पर काम कर रहे थे। लेकिन, गांव की मिट्टी उसे खींच लाई!

जिले की गुढ़ विधानसभा सीट की इन दिनों खूब चर्चा हो रही है। इसकी वजह विधानसभा के रण में उतरे युवा नेता प्रखर प्रताप हैं। प्रखर ने ही इस विधानसभा क्षेत्र में विधायकी की दावेदारी पेश की। 25 साल के प्रखर मूलरूप से रीवा के रायपुर कर्चुलियान के पुश्तैनी निवासी हैं। उन्होंने देश के प्रसिद्ध दून स्कूल (देहरादून) में प्रारंभिक शिक्षा हासिल की उसके बाद अमेरिका चले गए थे।

वहां से उन्होंने आर्किटेक्ट की डिग्री और फिर इटली में मास्टर डिग्री हासिल की। डिग्री पूरी होते ही प्रखर प्रताप सिंह को अमेरिका में भारतीय मुद्रा के हिसाब से एक करोड़ रुपए सालाना के पैकेज की नौकरी मिल गई। लेकिन, इस दौरान वतन की मिट्टी की महक, गांव की यादें और गरीबों के दर्द की यादें ताजा होती रहीं। इस बीच अमेरिका में मौजूद इंडियन सोसाइटी में प्रखर प्रताप सिंह की मुलाकात कुछ भारतीय नेताओं से हुई। इस मुलाकात से प्रखर को नई राह पर चलने की एक उम्मीद मिली। राजनीति से पूरी तरह अनजान आर्किटेक्ट प्रखर प्रताप सिंह भारत लौट आए और चुनावी रण में उतर गए। उन्होंने गुढ़ विधानसभा सीट से उम्मीदवारी कर जनता की सेवा करने का इरादा मजबूत कर लिया। इससे पहले प्रखर प्रताप सिंह के खानदान से कोई भी राजनीति में नहीं रहा है। प्रखर प्रताप सिंह के जुनून को देखकर आम आदमी पार्टी ने गुढ़ सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

प्रखर के पिता भानु सिंह ने बताया कि प्रखर बचपन से ही काफी होनहार थे। पढ़ाई में ललक देखते हुए उनको दून स्कूल भेज दिया। उसके बाद प्रखर ने दून से अमेरिका और फिर इटली का सफर तय किया। अच्छा पैकेज मिलने से प्रखर को अमेरिका में रहने की सलाह दी थी। लेकिन, अपने बब्बा साहब से प्रभावित होकर प्रखर समाज सेवा की राह पर चल पड़े हैं। प्रखर प्रताप ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याएं हैं। गरीबों की छोटी-छोटी जरूरतें हैं जो पूरी नहीं हो पाई हैं। मेरा लक्ष्य है कि रूट लेवल (धरातल) पर काम करूं, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो और जनता खुशहाल हो जाए।

# निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई शपथ

## जिले में पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया मप्र का स्थापना दिवस
## कलेक्टर पुष्प ने किया ध्वजारोहण, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस एक नवंबर को छिंदवाड़ा जिले में भी पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें कलेक्टर श्री मनोज पुष्प ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद शासकीय कला पथक दल के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। जिला स्तरीय समारोह स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता की थीम पर आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं और मीडिया के साथियों ने सहभागिता की।

राष्ट्रगान के गायन के बाद मिनट टू मिनिट कार्यक्रम के अनुसार समारोह में उपस्थित सभी लोगों को जिला स्वीप आइकॉन अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुश्री विनीता नेटी ने निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने एवं मतदाताओं को जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्प ने सभी को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि हम सभी 17 नवंबर को निष्पक्ष, निरपेक्ष और बिना किसी भय अथवा परेशानी के स्वयं भी मतदान करेंगे और अन्य लोगों से मतदान कराएंगे। उन्होंने शासकीय अमले का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और समाज के लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं, इसीलिए आपके माध्यम से हर मतदाता तक मतदाता जागरूकता का यह संदेश पहुंचे कि हमें शत-प्रतिशत मतदान करना है। बिना किसी तरह के प्रलोभन अथवा दबाव अथवा प्रभावित हुए बिना मतदान करना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। इसके बावजूद ऐसे चिन्हांकित लगभग 40 हजार मतदाताओं में से केवल 2 हजार के करीब मतदाताओं ने इस सुविधा के विकल्प को चुना है। बाकी सभी मतदान केंद्र पर आकर ही मतदान करने के इच्छुक हैं, इसका कारण आपके द्वारा मतदान केंद्रों पर ऐसे मतदाताओं के लिए की जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं पर उनका भरोसा है। हम सभी को उनका यह भरोसा



बनाए रखना है, इसीलिए सभी मतदान केंद्र इतने सुविधाजनक रहें कि बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं, धात्री माताओं, गर्भवती महिलाओं आदि को एक सुखद एवं उत्साहपूर्ण वातावरण मतदान के लिए मिले। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा नवाचार करते हुए मतदान केंद्रों के मध्य 2 प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं, मेरा बूथ मारेगा शतक और मेरा बूथ सबसे सुंदर। इन प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं का चयन प्रत्येक विधानसभा से किया जाएगा। सभी बूथ इतने सुंदर और आकर्षक तैयार कराये जाएं कि निर्णायक दल के लिए निर्णय लेना मुश्किल हो, तभी हमारी सफलता है।

## चौरई में कांग्रेस के बंटी पटेल ने किया विद्रोह



**छिंदवाड़ा।** नामांकन वापस लेने की आज अन्तिम तिथि है जिले में चौरई एवं सौंसर के अलावा कोई विद्रोह नहीं है। कांग्रेस से चौरई से नीरज ठाकुर बंटी पटेल ने विद्रोह कर दिया है। आज उन्होने कपुर्दा में देवी दर्शन कर चुनाव-प्रचार प्रारम्भ कर दिया। सौंसर में प्रदीप ठाकरे जो संघ के पदाधिकारी है वे मैदान में है। नीरज पटेल इंका के नेता है, बताया जाता है कि पूर्व में कमलनाथ एवं नकुलनाथ चुनाव तैयारी करने को कहा था और ऐन वक्त पर सुजीत चौधरी को टिकट दे दी। भाजपा के पंडित रमेश दुबे को टिकट नहीं मिला उन्होने अपने एक समर्थक को आगे बढाया था, किन्तु आज उसका फार्म रिजेक्ट हो गया। अब पंडित रमेश दुबे भाजपा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे या चुप बैठेंगे या अन्दर ही अन्दर नीरज ठाकुर को समर्थन देंगे। अब भाजपा के सामने सुजीत चौधरी एवं नीरज ठाकुर बंटी पटेल की चुनौति है फार्म भरने का आज आखरी दिन है। दिन के 3 बजे तक नामांकन वापस ले सकते है, उसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित होंगे।

## स्थापना दिवस पर किया शिवप्रसाद वितरण



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ की बैठक शिव आबकारी मंदिर की गई जिसमें समस्त सदस्य के द्वारा शिव अभिषेक शिवपूजन एवं शिवप्रसाद वितरित किया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी ने बतलाया प्रतिवर्ष ब्राह्मण बंधु विप्रो के द्वारा मनाया जाता है महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी राजेश द्विवेदी सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दुबे, सुरेश पांडे, कन्हैया दुबे ,अभिनंदन गोस्वामी, मनोज मिश्रा, किशन लाल शर्मा, भवानी प्रसाद शर्मा, रामशंकर बाजपेई, श्रीकांत द्विवेदी, नंदू शर्मा, अभिषेक तिवारी एवं समस्त पुजारी संघ पदाधिकारी मित्र मंडली के द्वारा संपन्न किया गया ।

## कुशवाह स्टोन क्रेशर में कटा मजदूर का हाथ



**तामिया ।** तामिया तहसील अंतर्गत साजकुही ग्राम में स्थित कुशवाह स्टोन क्रेशर में काम कर रहे साजकूही निवासी मजदूर राजू पिता रमेश परतेती उम्र 22 साल का हाथ क्रेशर में कल शाम को काम करते समय कट गया जिससे मजदूर राजू गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में 108 एंबुलेस से तामिया हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टरों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया और घायल युवक को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। घायल की हालत गंभीर है इसका एक हाथ शरीर से उखाड़ कर अलग हो चुका है।

## सौंसर और छिंदवाड़ा में दो उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम, मैदान में बचे सिर्फ 110 प्रत्याशी

छिंदवाड़ा। नाम वापसी के पहले दिन छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा सीटों में सिर्फ दो ही प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए है जिनमें सौंसर से गणेश घाटोड़े और छिंदवाड़ा विधानसभा से नितिन वर्मा ने अपने नामांकन आज वापस ले लिए, जिसके बाद अब छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा सीटों में से सिर्फ 110 केंडिडेट ही मैदान में बचे है, आपकों बता दे कि पर्चा वापसी के लिए 2 नवबंर को दोपहर 3 बजे तक ही नामांकन वापस हो सकेंगे।

## विकास विरोधी भाजपा सरकार ने छिंदवाड़ा की उपेक्षा: विक्रम आहाके



**छिंदवाड़ा।** वार्ड क्रमांक-2 में महापौर विक्रम आहाके ने कांग्रेस के पन्ना प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए महापौर विक्रम आहाके ने कहा कि विकास विरोधी भाजपा की शिवराज सरकार ने छिंदवाड़ा के साथ सौतेला व्यवहार किया है वर्तमान शिवराज सरकार ने छिंदवाड़ा वासियों से गिन गिन कर बदले लिए है ऐसी विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता प्रतिबद्ध हैं हमारे पन्ना प्रभारियों को जमीनी स्तर पर कार्य कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा इस अवसर पर वार्ड समन्वयक मुकेश उपाध्याय सुनील इंगले हेमंत सिंह राजपूत आसीम खान बिंजू मामन विशाल सोनी दरेश परतेती आकाश आहाके रेणुका तिवारी सुमन पवार शिवानी डेहरिया पूर्वीता डेहरिया सीमा शुक्ला जया ठाकरे बल्लू भारद्वाज मुन्ना धुर्वे राधा सीमा इंगले आदि उपस्थित थे।

## मोबाइल और लैंडलाइन नंबर पर किया जा सकता है संपर्क

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत छिंदवाड़ा/पाढुर्णा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 127-परासिया व 128-पांढुर्णा के सामान्य प्रेक्षक श्री कुमारजीब चक्रवर्ती जिले के भ्रमण पर हैं । सामान्य प्रेक्षक श्री चक्रवर्ती का मोबाईल नंबर-7723925296 और लेण्ड लाईन नम्बर 07161-298817 है जिससे कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के संबंध में संपर्क कर सकते हैं ।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिप्रेक्ष्य में आगामी 17 नवम्बर 2023 को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई- मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट https://voters.eci.gov.in से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों केमाध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं।

## बाइक चालकों को मारी टक्कर दो घायल

**अमरवाड़ा** थाना अंतर्गत दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार चालकों को अमरवाड़ा तेज जुंगावानी मार्गो में अज्ञात वाहनों ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक विकास वर्मा अनिल यादव जुगावनी को सिविल हॉस्पिटल अमरवाड़ा इलाज हेतु लाया गया था जिसमें विकास वर्मा को गंभीर हालत होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं दूसरा बेहोशी की हालत में इलाज जारी है

### नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भागकर ले गए

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम झिरपानी की रहने जो शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में दसवीं की कक्षा में पढ़ती थी दो दिनों पूर्व 10ः00 बजे स्कूल ड्रेस पहनकर अमरवाड़ा आई थी जो शाम को घर वापस नहीं आई तब लड़की की तलाश अमरवाड़ा परिवार की रिश्तेदारी आसपास के गांव में किया किंतु नाबालिक लड़की का कोई पता नहीं चलने पर बुधवार को उसके गुम जाने की रिपोर्ट पर परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कतिपय व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर नाबालिक का अपहरण कर भाग कर ले गया रिपोर्ट पर सहायक उप उप निरीक्षक करतार सिंह बघेल ने धारा 363 में प्रकरण पंजीबद्ध कर गुमइंसान कायम कर पुलिस तलाश में लिया

## 325 पाव अवैध रूप से विदेशी शराब बेचते पकड़े

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत सिंगोली पर चौकी के अमरवाड़ा मार्ग पर मुखवीर की सूचना मिलने पर बताए स्थान पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी प्रदीप एवं पवन को 325 पाव शराब अवैध रूप से बेचने की फ्रॉक में घूम रहे थे तब पुलिस द्वारा रेड धर दावोचा बताया कि उक्त शराब सिंगोडी दुकान के विक्रेताओं के द्वारा लगी हुई हैवरखेड़ी आदि दुकानों से लाकर बेची जा रही है जिसे शराब ठेकेदार के द्वारा इस चोरी को पड़कर पुलिस सूचना देने पर अमरवाड़ा सिंगोली पुलिस राजेंद्र सिंह बघेल धर्मेंद्र कुशराम दीपक यादव ने आबकारी अधिनियम 34 दो मैं प्रकरण पंचवर्षीय अधिकार विवेचना में दिया

## ग्राम में मतदाता जागरूकता के नारों के साथ निकाली गई रैली



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजस्व अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा, नोडल स्वीप प्लान अधिकारी चौरई वजय पवार, स्वीप प्रभारी चौरई राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिवरखेड़ी में प्राचार्य राजेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के लिये छात्राओं द्वारा मतदान से प्रेरित रंगोली डाली गई और ग्राम में मतदाता जागरूकता के नारों के साथ रैली निकाली गई। स्वीप प्रभारी चौरई श्री मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए इपिक कार्ड के डाउनलोड की प्रक्रिया को समझाया तथा अतिरिक्त विकल्प के तौर पर प्रयोग में आने वाले 12 दस्तावेजों को प्रदर्शित कर उनके संबंध में विस्तार से जानकारी दी जिससे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में शिक्षक एच.एस.कनोजिया, आर.के. मालवीय, श्रीमती पुष्पा भास्कर, आर.के.वर्मा, एस.यादव, अनिल ठाकरे, एस.के.बंदेवार आदि ने भी सहभागिता की ।

## कमलकुंज में हुआ करवा चौथ व्रत पूजन



**छिन्दवाड़ा-** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निज निवास शिकारपुर कमलकुंज में करवा चौथ व्रत पूजन का आयोजन किया गया। कार्तिक महीने की चतुर्थी तिथि पर मनाये जाने वाले इस पर्व को नकुल-कमलनाथ के निवास पर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। श्रीमती प्रियानाथ की उपस्थिति में हुये इस भव्य आयोजन में नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में सौभाग्यवती महिलायें सम्मिलित हुई।श्रीमती प्रियानाथ ने सुहागिन महिलाओं का अपने निवास पर तिलक लगाकर व सौभाग्य का प्रतीक लाल चुनरी भेंट कर आत्मिक स्वागत किया, जिसके पश्चात समस्त महिलाओं ने भगवान शंकर, माता करवा एवं भगवान श्री गणेश की पूजन की सम्पूर्ण तैयारियां की। सौभाग्यवती महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधि विधान पूर्वक भगवान शंकर, मां करवा एवं भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु व स्वास्थ्य जीवन के लिये कामना की। विदित हो कि करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलायें सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक कठिन व्रत करती है और रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलती है। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सौभाग्यवती महिलाओं को श्रीमती प्रियानाथ ने सम्बोधित करते हुये कहा कि यह पर्व पति-पत्नी के अटूट प्रेम का पर्व है, उन्होंने उपस्थित महिलाओं को करवा चौथ का उपहार भेंट करते हुये शुभकामनायें भी दी।आयोजन में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी सहित महिला कांग्रेस की अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व कांग्रेस परिवार की सदस्यगण उपस्थिति रहीं।

## विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत माईक्रो आर्ब्जवर का प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में आज विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के ऑडिटोरियम हॉल में माईक्रो आर्ब्जवरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरल क्रमांक-एक से 215 तक के माईक्रो आर्ब्जवरों को प्रातः 10 से दोपहर एक बजे तक और सरल क्रमांक-216 से 430 तक के माईक्रो आर्ब्जवरों को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षकों प्रणबज्योति नाथ, डी.एस.रमेश और श्री कुमारजीब चक्रवर्ती द्वारा विधानसभा निर्वाचन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये । नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.एन.सनेसर और स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा माईक्रो आर्ब्जवरों को विधानसभा निर्वाचन के दौरान किये जाने वाले कार्यों और विभिन्न प्रपत्रों को भरकर प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान माईक्रो ऑब्जर्वरों से डाक मत पत्र के लिये प्रारूप 12-डी भी भरवाये गये जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## विद्यार्थियों को दी गई मतदान के पहचान पत्रों की जानकारी

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रभात मिश्रा, नोडल स्वीप प्लान अधिकारी चौरई श्री विजय पवार, स्वीप प्रभारी चौरई श्री राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में शासकीय महाविद्यालय चाँद में आज प्राचार्य डॉ.अमरसिंह व प्रो.श्री पहाड़े के नेतृत्व में मतदान के लिए इपिक कार्ड के डाउनलोड की प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही 12 वैकल्पिक दस्तावेजों आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, एन.पी.आर.के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केन्द्र शासन, राज्य शासन, पीएसयूस और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटोग्राफ सहित सर्विस पहचान कार्ड, एमपी, एमएलए व एमएलसी द्वारा जारी ऑफिशियल आईडेंटिटी कार्ड और भारत शासन के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडेंटिटी कार्ड के संबंध में भी जानकारी दी गई ।

## भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया सारना मंडल में जनसंपर्क

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता सारना मंडल के ग्राम उमरिया ईसरा में जनसपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को दी जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस जनसंपर्क में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, श्रीमती शालिनी विवेक साहू, मंडल अध्यक्ष श्रीमती कंचन बंडेवार, श्रीमती जय विश्वकर्मा, श्रीमती नीलू क्षेत्री एवं अन्य कार्यकर्ता महिलाएं उपस्थित रही उपस्थित ।

# क्या मूल दल छोड़कर दूसरे दलों से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी इस बार बनेंगे 'किंगमेकर' ?

भोपाल. नेताओं को अपनी जुबान से पलटते हुए तो आपने खूब देखा सुना होगा लेकिन इस बार यानी कि साल 2023 के चुनाव में नेता ऐसी पलटी मार रहे हैं कि आलाकमान तक सकते में है। ऐसे ही पलटीमार नेताओं को वफादारी याद दिलाने के लिए अमित शाह तीन दिन प्रदेश में बिता कर गए। उसका असर तो धीरे-धीरे साफ होगा। पर, अभी तो पलटीमार नेताओं की गिनती कम नहीं हो रही, ऐसे नेताओं का हौसला बढ़ाने के लिए इस बार मैदान में इतने छोटे दल हैं कि उन्हें आसरा भी तलाशना नहीं पड़ रहा है. बल्कि हालात ये है कि दलों के नाम से भरा एक कटोरा रखा है। जिसमें हाथ डालना है और मनचाही पर्ची निकालना है। जिस दल का नाम होगा वो तो पलक पावड़े बिछा कर उनका इंतजार कर ही रहा है, ऐसे नेताओं का टिकट तो पार्टी ने बड़े जोरशोर से काट दिया लेकिन अब उनके पलटी मारने से सबकी सांस फूली हुई है।

**नेताओं ने थामा छोटे दलों का साथः** मध्यप्रदेश के चुनावी रण में इस बार छोटे दल बड़ा कमाल दिखाने वाले हैं। ये तो पहले से ही तय था, अब तो उन्हें अपनी-अपनी सीट के पुराने धुरंधरों का साथ भी मिलता जा रहा है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में टिकट कटने पर दलबदलू नेता बीजेपी और कांग्रेस दोनों का चुनावी समीकरण बिगाड़ सकते हैं। इन पलटीमार नेताओं को बसपा, सपा और आप हाथों हाथ ले रहे हैं। प्रदेश की कई सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी के बागियों ने मैदान संभाल लिया है। इनमें से कुछ दूसरे दलों से तो कुछ अन्य दलों से टिकट पाकर अपने मूल दल की मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के बाद मध्यप्रदेश में जनला दल यूनाइटेड भी अपने उम्मीदवार उतारने लगी है। जेडीयू ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। बागियों को एक नया विकल्प मिल रहा है और पार्टियों को एक दमदार कैंडिडेट

**मध्यप्रदेश में बढ़े 'पलटीमार':** चुनावी बाजार में प्रत्याशियों की सेल लगी है। सेल भी ऐसी जिसमें मुंहमांगा दाम दूर की बात है, प्रत्याशी मुफ्त के भाव में मिल रहे हैं। वैसे हर चुनाव से पहले नाराजगी का ट्रेंड आम बात है, टिकट कटने पर दावेदार नाराजगी दिखाते हैं। कई बार निर्दलीय पर्चा भी भर देते हैं। इक्के दुक्के मामले में दूसरे दल से टिकट भी मिल जाता है, लेकिन इस बार तो जितने दावेदार उतने ही दल हैं। बस चूज करना है कि कौन सा दल बेहतर साबित हो सकता है। फायदा दोनों तरफ बराबरी का है वो भी हींग और फिटकरी के बिना। जीत गए तो सीट अपनी हारे तो नए दल को कोई खास घाटा नहीं, लेकिन इससे कांग्रेस और बीजेपी का नुकसान तय है। इसलिए नींद भी उड़ी हुई है।

**बीजेपी में कंट्रोल में आई बगावतः** नींद उड़ना लाजमी भी है क्योंकि दूसरे दलों का हाथ थाम कर जो प्रत्याशी मैदान में हैं वो अपने मूल दल के कद्दावर नेता रहे हैं। जीत न भी सके तो इतना डैमेज तो कर ही देंगे कि अपने मूल दल की जीत को मुश्किल बना देंगे या फिर दूसरे दल की जीत को आसान बना देंगे। ऐसे ही प्रत्याशियों की संख्या और बढ़े उससे पहले ही डैमेज कंट्रोल के लिए अमित शाह मध्यप्रदेश के दौरे पर आए थे। उसके बाद बीजेपी जरूर दावा कर रही है कि बगावत कंट्रोल में आई है।



**पलटीमार नेताओं से बढ़ाई कांग्रेस की परेशानीः** कांग्रेस में भी ऐसे दावेदारों पर कंट्रोल रखने के लिए कुछ जगह टिकट बदले गए लेकिन बगावत की आग आसानी से थमती कहीं नहीं दिख रही। कांग्रेस में हालात और भी मुश्किल इसलिए हैं क्योंकि यहां ऊपरी लेवल पर ही दिग्गजों में अनबन जारी है। ऐसे में कांग्रेस के लिए पलटीमार नेताओं से निपटना ज्यादा मुश्किल नजर आता है।

**नाराज नेताओं की एंट्री से बढ़ा क्क का कुनबा, टिकट भी दियाः** अब तक कई नेता अपने मूल दल को छोड़ कर नए दल का हाथ थाम चुके हैं। बीजेपी और कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज कई नेताओं आम आदमी पार्टी का दामन थामा हैं। इतना ही नहीं अरविंद केजरीवाल की पार्टी उन्हे उनके क्षेत्र से टिकट देते हुए प्रत्याशी बना दिया है। आम आदमी पार्टी ने सागर से मुकेश जैन को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं सागर के पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव के बेटे सुधीर यादव, जो बंडा से टिकट मांग रहे थे। सुधीर यादव ने टिकट नहीं मिलने के बाद कमलनाथ से मुलाकात की थी, लेकिन बात ना बनने पर उन्होंने भी आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। आम आदमी पार्टी में शामिल होते ही पार्टी ने सुधीर यादव को बंडा से प्रत्याशी घोषित कर दिया। अपनी मूल पार्टी पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं की लिस्ट लंबी हैं। अगला नाम अरविंद तोमर का है जो नरयावली विधानसभा सीट में बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर बीजेपी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। यहां भी आप ने उन्हें टिकट देते हुए नरयावली सीट से प्रत्याशी बना दिया। बीजेपी से बगावत कर करने वाली ममता मीना को भी आम आदमी पार्टी ने चाचौड़ा से प्रत्याशी बनाया है। इधर कांग्रेस छोड़कर आप में दामन थामने राहुल सिंह कुशवाहा को भिंड विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। राहुल सिंह कुशवाह पिछले दिनों कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं।

**BSP और SP ने भी दिए टिकटः** बागी और नाराज नेताओं को बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में भी एंट्री मिली हैं। इन नेताओं को दोनों पार्टी ने प्रत्याशी भी बनाया हैं। बसपा ने राकेश सिंह को मुरैना से प्रत्याशी बनाया है। पूर्व विधायक रसाल सिंह को बसपा ने लहार से टिकट दिया हैं। रसाल सिंह भी टिकट कटने के बाद बसपा में शामिल हुए हैं। कांग्रेस छोड़ बसपा में शामिल हुए पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह को बीएसपी ने नवाजा है। बीएसपी ने उन्हे सतना की नागौद सीट से प्रत्याशी बनाया। इधर टिकट नहीं मिलने से नाराज क्क्ष्क्क से पूर्व विधायक रेखा यादव ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इसके बाद अखिलेश यादव की पार्टी ने रेखा यादव को बिजावर से सपा प्रत्याशी घोषित कर दिया। भिंड जिले की अटेर सीट पर पूर्व विधायक मुन्ना भदौरिया और रीवा की सेमरिया सीट पर पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी को उतारा है, यह दोनों भी बीजेपी से सपा में शामिल हुए हैं। मुरैना से बीएसपी ने पूर्व विधायक मनीराम धाकड़ को टिकट दिया है।

जाहिर है ये प्रत्याशी मैदान में उतरे हैं तो वोट जरूर काटेंगे क्योंकि पहचान इनके पास पर्याप्त है और एक जाना माना इलेक्शन सिंबल भी साथ है। इनकी मौजूदगी किसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी, मूल पार्टी को या फिर दूसरी पार्टी को बस इसका आंकलन करना शेष होगा। नामाकंन की डेट गुजरने के बाद अब ये सिलसिला थम चुका है। विरोध का बुलबुला अब ज्यादा जोर नहीं मार सकता। अब नजर सिर्फ फैसले पर होगी।

**पुराने साथी करेंगे बड़ा उलटफेरः** ?कांग्रेस और बीजेपी दोनों ने रूठों को मनाने की खूब कोशिश की है, लेकिन कामयाबी पूरी तरह से नहीं मिल सकी। इस बार जब सीटों पर हार जीत का आंकलन होगा तब सिर्फ पार्टी के नाम याद रखने जरूरी नहीं होंगे पलटीमार प्रत्याशियों को भी याद रखना होगा, जो नए दल का हाथ थाम कर कांग्रेस और बीजेपी का खेल खराब करने के लिए कमर कस चुके हैं। फिलहाल कुछ चुनावी आंकलन हंग एसंबली की तरफ इशारा कर रहे हैं और कुछ हार जीत में सीटों का अंतर बहुत कम बता रहे हैं। ऐसा वाकई होता है तो आज के पलटीमार नेता कल के किंगमेकर भी हो सकते हैं।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस का ऐलान, सरकार बनी तो विधान परिषद का गठन होगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए अलग-अलग पैंतरे आजमा रहे हैं। कोई महिला वोटर्स को साधने की कोशिश कर रहा है तो किसी की नजर किसान वोट बैंक पर है। अब इन सबके बीच कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि सरकार बनी तो मध्यप्रदेश में विधान परिषद बनाई जाएगी।

### क्या होती है विधान परिषद

जैसे केंद्र के स्तर पर लोकसभा और राज्यसभा होती है। ठीक वैसे ही आप राज्यों के स्तर पर विधानसभा और विधान परिषद को समझा जा सकता है। केंद्र में लोकसभा निचला सदन और राज्यसभा ऊपरी सदन होता है। वैसे ही राज्यों में विधानसभा निचला सदन और विधान परिषद ऊपरी सदन होता है।

### क्या कहता है संविधान

संविधान के अनुच्छेद 168 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक विधान मंडल होगा जो कि राज्यपाल, विधानसभा और विधान परिषद (यदि है तो) से मिलकर बनेगा। मूल संविधान में 8 राज्यों में विधान परिषद का प्रावधान था जिसमें आंध्र प्रदेश, बिहार, बंबई, तमिलनाडु, मैसूर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल थे। वर्तमान की बात करें तो वर्तमान में 6 राज्यों में विधान परिषद मौजूद है, जिसमें कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश शामिल हैं।



### कैसे होता है विधान परिषद का गठन

किसी भी राज्य में यदि विधान परिषद का गठन करना हो तो इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 169 में प्रावधान किया गया है। इस अनुच्छेद के तहत किसी भी राज्य में विधान परिषद का गठन उस राज्य की विधानसभा में पास विशेष बहुमत से पारित प्रस्ताव के आधार पर और संसद के द्वारा साधारण बहुमत के आधार पर किया जाता है। इसे आसान शब्दों में समझना चाहें तो अगर मध्यप्रदेश में विधान परिषद का गठन किया जाना है तो इसके लिए 230 सीटों वाली मध्यप्रदेश की विधानसभा में ये प्रस्ताव 2 तिहाई बहुमत से पास होना चाहिए। इसके बाद विधानसभा इस प्रस्ताव को संसद के पास भेजेगी। अगर यहां संसद इस प्रस्ताव को साधारण बहुमत से पास कर देती है तो मध्यप्रदेश में विधान परिषद के गठन का रास्ता साफ हो जाएगा। यदि किसी राज्य में विधान परिषद को समाप्त भी करना हो तो इसके लिए भी यही प्रक्रिया अपनाई जाती है।

### मध्यप्रदेश में विधान परिषद की मौजूदा स्थिति क्या है ?

7वें संविधान संशोधन अधिनियम 1956 के तहत मध्यप्रदेश में भी विधान परिषद का प्रावधान किया गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक इस प्रावधान को लागू करने की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इसलिए मध्यप्रदेश में अभी तक विधान परिषद का गठन नहीं हो सका है। कभी अधिसूचना जारी नहीं हुई तो कभी सरकार ने वित्तीय हालातों का हवाला देते हुए विधान परिषद के गठन को ठंडे बस्ते में डाल दिया। मध्यप्रदेश में अगर विधान परिषद का गठन होता है तो विधान परिषद में न्यूनतम सदस्यों की संख्या 40 और अधिकतम सदस्य संख्या 76 हो सकती है। सबसे ज्यादा 100 सदस्य वर्तमान में यूपी की विधान परिषद में है, जबकि सबसे कम सदस्य तेलंगाना की विधान परिषद में हैं, जहां इनकी संख्या 40 है।

### विधान परिषद के लिए कैसे होता है चुनाव?

विधान परिषद के लिए जितने भी सदस्य तय किए गए हैं, उनमें से कुछ सदस्य मनोनीत होते हैं और कुछ निर्वाचित होते हैं। राज्य के राज्यपाल 1/6 सदस्यों को मनोनीत करते हैं जो कि कला, विज्ञान, समाजसेवा और सहकारिता के क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति होते हैं। अब बात निर्वाचित होने वाले सदस्यों की करें तो एक तिहाई विधान परिषद के सदस्य विधानसभा के निर्वाचत सदस्यों के द्वारा चुने जाते हैं, जबकि एक तिहाई सदस्य स्थानीय संस्थाओं द्वारा निर्वाचित होते हैं। इसके बाद बचे हुए 1/12 सदस्यों का निर्वाचन शिक्षकों के द्वारा होता है, लेकिन यहां शर्त ये है कि वो शिक्षक प्राथमिक शिक्षक नहीं होने चाहिए। इसके बाद अंत में बचे हुए 1/12 सदस्यों का निर्वाचन ग्रेजुएट हुए युवाओं के द्वारा किया जाता है, यहां भी एक शर्त ये लागू होती है कि डिग्री पूरी किए हुए कम से कम 3 साल पूरे कर लिए गए हों। इस तरह से कुल 5/6 सदस्यों का निर्वाचन कर लिया जाता है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस इस बात का दावा कर रही है कि विधानसभा में सदस्यों की संख्या सीमित होने के चलते समाज के प्रत्येक वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि अगर कांग्रेस सरकार बनाने में कामयाब हो जाती है तो विधान परिषद का मुद्दा किस राह पर जाता है।

## पंकज पाठक की पुस्तक का लोकार्पण आज

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार और कवि पंकज पाठक के ग्रंथ 'मदन मोहन जोशी की पत्रकारिता का सौंदर्यशास्त्र' का लोकार्पण आज माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि होंगे वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केजी सुरेश। विशेष अतिथि स्वदेश भोपाल के सलाहकार संपादक एवं विश्वविद्यालय के एडजंक्ट प्रोफ़ेसर शिवकुमार विवेक होंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल और शोध संस्थान, भोपाल की अध्यक्ष और स्व. मदन मोहन जोशी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के संयोजक विश्वविद्यालय के निदेशक (प्रकाशन) राकेश पांडे हैं।

## श्योपुर में ऊंट पर सवार होकर प्रचार करने निकले कांग्रेस प्रत्याशी



**श्योपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार अपने-अपने अंदाल में प्रचार में जुटे हैं। इनके फोटो और वीडियो भी वायरल हो रहे हैं।

श्योपुर कांग्रेस प्रत्याशी बाबू जंडेल अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। अब वह एक बार फिर सुर्खियों में नजर आए हैं। बुधवार को बाबूलाल जंडेल सोंईकलां क्षेत्र के गुरुनावदा गांव में ऊंट पर सवार होकर अनोखे अंदाज में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। इसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया बहुप्रसारित हो रहा है।

### ऐसे मांगे लोगों से वोट

जिले की श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के कछार सहित आसपास के गांव में ऊंट पर सवार होकर कांग्रेस प्रत्याशी बाबू लाल जंडेल ने लोगों से वोट मांगे। इस दौरान ग्रामीण और उनके समर्थक ऊंट के पीछे-पीछे दौड़कर नारेबाजी करने लगे, उनका यह खास अंदाज लोगों को खूब रास आया। अब ऊंट पर सवार कांग्रेस प्रत्याशी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है, जिसमें वह ऊंट पर बैठकर चल रहे और पीछे ग्रामीणों की भीड़ चल रही है।

## इस बार दीपावली पर नहीं फोड़ सकेंगे सुतली बम, चीनी पटाखों की बिक्री पर भी प्रतिबंध

**भोपाल।** राजधानी में आतिशबाजी विक्रेता अब सुतली बम दुकान में नहीं रख सकेंगे। वहीं चीनी पटाखे भी नहीं बेच सकेंगे। कारोबारी दुकान के बाहर पटाखे रखने से लेकर उन्हें चला भी नहीं सकेंगे। दुकान में खाली खोखे और बारदाना रखने पर भी रोक लगा दी गई है। दुकानदारों को चीनी पटाखे नहीं बेचने संबंधी निर्देशों की सूचना दुकान के बाहर चस्पा करनी होगी। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने दिए हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में थोक आतिशबाजी विक्रेताओं के साथ बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह विस्फोटक अधिनियम एवं नियम में दिए गए प्रविधानों का पालन करें। सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर लें। कलेक्टर ने निगम, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थायी और अस्थायी दुकानों का सत्यापन करने के निर्देश भी दिए हैं।

आतिशबाजी विक्रेताओं को 1500 केजी एवं 500 केजी की दो दुकानों के बीच 15 मीटर की दूरी रखना होगी। वहीं, 50 केजी आतिशबाजी दुकानों के बीच तीन मीटर की दूरी रखना आवश्यक है। विक्रेताओं द्वारा 125 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले पटाखों का विक्रय नहीं किया जाएगा। वह सुतली बम दुकान में न तो रखेंगे और न ही बेच सकेंगे। पटाखों के अलावा अन्य व्यवसाय भी नहीं किया जा सकेगा और यदि किया जा रहा है तो उसे बंद करना होगा।

### कलेक्टर के दुकानदारों को सख्त निर्देश

- दुकान के बाहर न तो पटाखे रखे जाएंगे और न ही परीक्षण नहीं किया जा सकेगा।
- आतिशबाजी दुकान व बाजार में धूमपान पर रहेगी रोक, दुकानदार लगाएंगे नोटिस।
- दुकानों से दूर खड़े किए जाएंगे वाहन, पार्किंग के लिए रखना होंगे गार्ड।
- सिर्फ शासन से मान्यता प्राप्त कंपनी के पटाखे बेच सकेंगे कारोबारी।
- दुकानों में बिजली लाइन दुरुस्त करनी होगी, विद्युत प्रवाह स्वतः बंद करने की व्यवस्था।
- चीनी पटाखों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाना होगा।
- दुकान में अग्निशमन यंत्र, सीज फायर, रेत की बाल्टियां, पानी पर्याप्त मात्रा में रखा जाए।
- आतिशबाजी दुकान व बाजारों पर फायर ब्रिगेड सहित अन्य व्यवस्था कराएंगे नगर निगम आयुक्त।

## जेपी अस्पताल में डेंगू जांच की मशीन खराब, बैरागढ़ भेजे जा रहे सैंपल

**भोपाल।** राजधानी में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर माह में डेंगू पाजीटिव मरीजों की संख्या 290 तक पहुंच चुकी थी। लेकिन यहां डेंगू से निपटने को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं किस कदर लचर है, इसकी एक बानगी यह है कि राजधानी के जिला चिकित्सालय जेपी अस्पताल में साफ्टवेयर में खराबी आने के कारण डेंगू जांचने की मशीन बंद हो गई है। ऐसे में अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए आने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। मजबूरन उन्हें अपनी जांच के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

**दो-तीन दिन में सुधरवाने का दावा-** जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डा. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि वो अगले दो से तीन दिनों में मशीन में सुधार करा लेंगे। जब तक डेंगू की जांच के लिए संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपलों का भोपाल के बैरागढ़ सिविल अस्पताल भेजा जा रहा है। अभी तक 570 से अधिक मरीज मिल चुके हैं। जबकि इस माह में 270 लोगों का एलाइजा टेस्ट पाजीटिव आ चुका है।

**डेंगू के करीब दस मरीज रोज मिल रहे-** राजधानी में डेंगू के मरीजों की तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। शहर में लगभग रोज दस मरीजों की रिपोर्ट पाजीटिव आ रही है। मलेरिया विभाग लगातार आने वाले पाजीटिव मरीजों से परेशान है। अक्टूबर माह में करीब 290 मरीज पाजीटिव पाए गए हैं।

## भोपाल हुजूर में डागा को साधने में जुटे नेता

### रामेश्वर शर्मा ने भाजपा में शामिल होने का दिया न्यौता, नरेश ज्ञानचंदानी ने छुए पैर





**भोपाल।** हुजूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से टिकट न मिलने पर नाराज हुए पूर्व विधायक जितेंद्र डागा को मनाने में बुधवार को भाजपा व कांग्रेस जुटी रही। दोपहर में भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने संत हिरदाराम नगर स्थित डागा के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। शर्मा व डागा के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि शर्मा ने डागा से कहा कि गुरुवार को निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए जमा किया नामांकन पत्र वापस ले लीजिए। घर वापसी यानी फिर भाजपा में शामिल होकर समर्थन करने का आग्रह किया। इस पर देर रात तक डागा नहीं माने।

जब यह बात कांग्रेस प्रत्याशी नरेश ज्ञानचंदानी को पता चली तो वो डागा से मिलने चूनाभट्टी कार्यालय में पहुंचे। डागा बैठे हुए थे। ज्ञानचंदानी ने उनके पैर छुए और नामांकन पत्र वापस लेने के लिए कहा। डागा ने ज्ञानचंदानी को पैर छूने से रोका, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद ज्ञानचंदानी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के बंगले पर चलने के लिए डागा से कहा। शाम छह बजे ज्ञानचंदानी डागा को लेकर कमल नाथ के निवास श्यामाल हिल्स पर पहुंचे। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और मप्र कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भी बैठे हुए थे। बंद कमरे में जितेंद्र डागा ने तीनों कांग्रेस के नेताओं से कहा कि आपके आग्रह पर भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए। आपने भरोसा दिलाया कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र से आपको प्रत्याशी बनाया जाएगा। बीते आठ महीने से पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहा। फिर ऐसा क्या हुआ कि मेरा टिकट काट दिया गया? अब आप भले ही पार्टी से निकाल दें। मैं चुनाव लड़ूंगा। इतनी बात सुनकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बाहर आए, उन्होंने नरेश ज्ञानचंदानी को भीतर बुलाया। 15 से 20 मिनट तक चर्चा हुई, लेकिन देर रात तक डागा नामांकन पत्र वापस लेने के लिए माने।

आज नामांकन वापसी का अंतिम दिन है। डागा अपना नामांकन वापस लेते हैं या फिर निर्दलीय चुनाव लड़कर भाजपा व कांग्रेस की जीत का गणित बिगाड़ेंगे, यह गुरुवार को नामांकन वापस लेने समयावधि तक ही पता चल सकेगा।

## प्रदेश में हवाओं का रुख बदलने से रात में ठंडक बढ़ने लगी

**भोपाल।** हवाओं का रुख बार-बार बदलने से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कुछ उतार-चढ़ाव होने लगा है। उधर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में प्रदेश में सबसे कम 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। पचमढ़ी में रात का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एचएस पांडे ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई प्रभावी मौसम



प्रणाली सक्रिय नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ भी कम तीव्रता वाले आ रहे हैं। इस वजह से मौसम के मिजाज पर विशेष प्रभाव नहीं हो रहा है। वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तर-पूर्वी, पूर्वी एवं उत्तर-दक्षिणी हो रहा है। इस वजह से नमी आने के कारण बीच-बीच में बादल भी आ जाते हैं।

हवाओं की रफ्तार भी काफी मंद बनी हुई है। रात के समय उत्तरी हवाएं चलने के कारण सिहरन बनी हुई है। उधर दिन के समय पूर्वी एवं दक्षिणी हवाएं चलने से दिन का तापमान बढ़ा हुआ है। इस वजह से दिन व रात के तापमान के बीच काफी अंतर भी बना हुआ है। अभी इसी तरह का मौसम बना रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान के पास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है, जबकि दूसरा पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में मौजूद है। दोनों पश्चिमी विक्षोभ कमजोर हैं। इस वजह से इनका मौसम पर विशेष असर नहीं हो रहा है। हवाओं का रुख बार-बार बदलता रहने से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## बागियों की मान मनौव्वल में जुटी पार्टियां, नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन है। प्रत्याशी दोपहर तीन बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसके बाद ही मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों का दावा है कि उनके वरिष्ठ नेताओं ने बागियों से चर्चा कर ली है और नाम वापस लेने के लिए उन्हें मना लिया है। हालांकि दोपहर बाद ही स्पष्ट होगा कि पार्टियों के दावे की वास्तविकता क्या है।

इंदौर में बगावत के हिसाब से देखें तो भाजपा और कांग्रेस दोनों ही बागियों से परेशान हैं। इंदौर जिले की 9 विधानसभा सीटों में से कम से कम दो सीटें ऐसी हैं जहां बागी परिणाम को सीधे-सीधे प्रभावित कर सकते हैं। ये दोनों सीटें ग्रामीण क्षेत्र की हैं। देपालपुर में बागी प्रत्याशी की वजह से भाजपा की चिंता बढ़ी हुई है तो महू में बागी प्रत्याशी ने कांग्रेस को चिंता में डाल रखा है।

### दमदार तरीके से कर रहे हैं सामना

देपालपुर और महू दोनों ही जगह बागी प्रत्याशी पूरे दमखम से मैदान में डटे हुए हैं। हालांकि दोनों ही राजनीतिक पार्टियां दावा कर रही हैं कि गुरुवार दोपहर तीन बजे से पहले बागी प्रत्याशी अपना नाम वापस ले लेंगे। देपालपुर में जबरेश्वर सेना के राजेंद्र चौधरी मैदान पकड़े बैठे हैं तो महू में पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार। चौधरी देपालपुर में भाजपा प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा सकते हैं तो महू में दरबार कांग्रेस प्रत्याशी को।

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो देपालपुर में कांग्रेस के विशाल पटेल ने भाजपा के मनोज पटेल को 9044 मतों से पराजित किया था। इसी तरह महू में भाजपा की उषा ठाकुर को महज 7157 मतों से जीत हासिल हुई थी। यानी दोनों ही ग्रामीण सीटों पर हारजीत का अंतर दस हजार से कम है। ऐसी स्थिति में अगर गुरुवार दोपहर तीन बजे तक दोनों सीटों पर दम भर रहे बागी अगर नाम वापस लेने को तैयार नहीं हुए तो पार्टियों की परेशानी बढ़ना तय है।

## टिकट से वंचित नेता सूटकेस उठाकर दूसरे जिलों में चुनाव प्रचार करने पहुंचे

**ग्वालियर।** दावेदारी करने के बाद टिकट से वंचित रहे दोनों दलों के कुछ नेताओं पर भितरघात के आरोप लगें, उससे पहले ही वह अपना-अपना सूटकेस उठाकर आसपास के जिलों की विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार करने के लिए चले गए हैं। संगठन स्तर पर इस तरह की व्यवस्था होती है कि अगर प्रत्याशी को अपने ही दल के किसी नेता से नुकसान होने की आशंका रहती है तो उस नेता को जरूरत के अनुसार संगठन किसी अन्य जिले में चुनाव प्रचार के लिए भेज देता है। प्रत्याशी की शिकायत पर संगठन स्तर पर इस तरह के निर्णय लिए जाते हैं। अभी तक दोनों दलों के किसी उम्मीदवार ने प्रदेश नेतृत्व से कोई शिकायत नहीं की है। भाजपा व कांग्रेस के जिलाध्यक्षों का कहना है कि किस नेता व कार्यकर्ता की पार्टी को कहां आवश्यकता है, इसका फैसला प्रदेश नेतृत्व करता है।

जिले की छहों विधानसभा सीटों में भाजपा व कांग्रेस में एक नहीं कई दावेदार थे। संगठन के मापदंडों पर जो खरा उतरा, उसे टिकट मिल गया। बाकी टिकट से वंचित रह गए। ग्वालियर पूर्व से टिकट के लिए वंचित रहे साडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुशवाह अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए पदों से इस्तीफा दे दिया था। ग्वालियर दक्षिण से पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता व ग्वालियर पूर्व से जिला उपाध्यक्ष पूर्व विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। इन लोगों ने पार्टी के फैसले को शिरोधार्य कर लिया।



पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा ने भी दावेदारी के बाद पार्टी के टिकट नहीं देने के फैसले को स्वीकार कर लिया। उनके समर्थकों ने अवश्य नाराजगी प्रकट की थी। इसी तरह कांग्रेस से ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र योगेश तोमर, सौरभ तोमर, अशोक तोमर व राजेंद्र सिंह तोमर अपनी पत्नी के लिए टिकट मांग रहे थे। टिकट नहीं मिलने पर सार्वजनिक रूप से रोष भी प्रकट करते हुये टिकट बदलने की मांग की थी, किंतु अब खामौश है।

पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता ने बताया कि दक्षिण में अपने स्तर पर संगठन का काम कर रहीं हूं। अगर संगठन द्वारा अन्य किसी जिले व विधानसभा क्षेत्र की कोई जिम्मेदारी सौपी जाएगी, तो सहज रूप से वहां कार्य करने के लिए अवश्य जाएंगीं। क्योंकि उन्हें संगठन के लिए काम करना है।

साडा अध्यक्ष जय सिंह कुशवाह ने बताया कि वे तो चुनाव प्रचार के लिए दिमनी आ गये हैं। दो दिन से यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं।

रामेश्वर भदौरिया ने ग्वालियर पूर्व विस क्षेत्र के चुनाव प्रभारी के साथ शक्ति केंद्रों की बैठक ले रहे हैं और फिलहाल ग्वालियर पूर्व में ही चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अगर संगठन अन्य किसी विधानसभा क्षेत्र में कार्य करने के लिए भेजता तो जाने के लिए तैयार हैं। क्योंकि संगठन का कार्य ही उनके लिए सर्वोपरि है।

कांग्रेस के नवागत प्रदेश महामंत्री योगेश तोमर ने बताया कि वे अभी रीवा जिले के चुरहट विस में एक दो दिन के लिए आये हैं। चूकि संगठन ने उन्हें मुरैना - श्योपुर संसदीय क्षेत्र का दायित्व सौपा है। वे यहां से श्योपुर के लिए चुनाव प्रचार के लिए जाएंगें।

**शिकायत आने पर संगठन तय करेगा, कौन-कौन कहां चुनाव कार्य करेगा-** अगर चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी को किसी नेता व कार्यकर्ता के अपने क्षेत्र में कार्य करने पर आपत्ति होती है, तो प्रदेश नेतृत्व शिकायत की अपने स्तर पर पड़ताल कर उस नेता को अन्य किसी जिले में चुनाव कार्य करने का दायित्व सौपने का निर्णय करेगा। अभी तक भाजपा व कांग्रेस ने शिकायत पर किसी नेता व कार्यकर्ता का चुनाव कार्य जिलाबदर नहीं किया है।